'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 214 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

विपुल गोयल ने संभाला हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री का कार्यभार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सचिवालय में पदभार ग्रहण करवाया

समाचार गेट/संजय शर्मा

चंडीगढ़। हरियाणा की राजनीति में आज का दिन एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज हो गया, जब फरीदाबाद से रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता विपुल गोयल ने हरियाणा सरकार में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री का पदभार संभाला। हरियाणा सचिवालय में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपुल गोयल को पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज और कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे।

इस दौरान, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपुल गोयल को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और लड्डू खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीयता के साथ पदभार ग्रहण करवाने की परंपरा ने न केवल फरीदाबाद की जनता बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भी उत्साह और खुशी का माहौल पैदा कर दिया है।

विपुल गोयल ने 65% मतों के साथ 48,388 वोटों से फरीदाबाद में रिकॉर्ड जीत हासिल करते हुए भाजपा का परचम लहराया, जिसके

बाद उन्हें हरियाणा सरकार के शीर्ष पांच मंत्रियों में शामिल किया गया है। इससे पहले भी विपुल गोयल ने विभिन्न मंत्रालयों का सफलतापूर्वक कार्यभार संभाला था, जिसके आधार पर ही नव निर्वाचित हरियाणा सरकार में विपुल गोयल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

राजनीतिक और प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि विपुल गोयल का कैबिनेट मंत्री बनना न केवल फरीदाबाद बल्कि पूरे हरियाणा की प्रगति और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के बीच घनिष्ठ संबंध और समन्वय से सरकार और भी प्रभावी रूप से कार्य करेगी, जिससे जनहित के फैसले लेना अधिक सुगम हो जाएगा।

फरीदाबाद से विधायक विपुल गोयल की इस उपलब्धि ने फरीदाबाद के लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। विपुल गोयल के प्रति उनके समर्थकों और जनता का विश्वास, तथा सरकार में उनकी प्रमुख भूमिका, यह संकेत दे रही है कि हरियाणा की राजनीति में उनकी भूमिका आने वाले दिनों में और भी अधिक महत्वपूर्ण होने जा रही है।

राजेश नागर ने राज्य मंत्री के स्वतंत्र प्रभार के साथ संभाला कार्यालय

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राजेश नागर को मंत्री की कुर्सी पर बैठाया और आशीर्वाद दिया

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए राजेश नागर को नवगठित हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाने के बाद आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें उनके कार्यालय में प्रवेश कराया और आशीर्वाद दिया। सैनी ने नागर का मुंह मीठा कर जन सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री अनिल विज एवं कृष्ण लाल पवार भी मौजूद रहे।

अब से राज्य मंत्री राजेश नागर के कार्यालय का पता चंडीगढ़ सचिवालय की नौवीं मंजिल पर कमरा नंबर 47 होगा। पदभार संभालने पर राजेश नागर ने कहा कि वह तिगांव की देव तुल्य जनता के सहयोग से विधानसभा चंडीगढ़ पहुंचे हैं वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से मंत्रालय का हिस्सा बने हैं। इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं और भविष्य में जो भी विभाग प्राप्त होगा उसमें बेहतर प्रदर्शन करेंगे। नागर ने कहा कि विधायक हो या मंत्री पद हो, मेरे लिए दोनों ही जन सेवा का माध्यम

हैं। बेशक मंत्रिमंडल का हिस्सा होने पर अधिक शक्तियां प्राप्त होती हैं जिससे लोगों की और अधिक सेवा करना संभव होता है। नागर ने कहा यह भारतीय जनता पार्टी है जिसमें आम कार्यकर्ता भी संगठन और सरकार का नेतृत्व कर सकता है। आज हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हों या उनसे पूर्ववर्ती मनोहर लाल मुख्यमंत्री रहे हों, सभी आम परिवारों से आए हुए हैं। लेकिन भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ता रहे। उनकी पारखी नजर ने मेरे जैसे आम कार्यकर्ताओं को पहले विधानसभा और अब मंत्रिमंडल में पहुंचा कर तिगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता पर उपकार किया है। मैं क्षेत्र की जनता का विकास कार्य करवा कर धन्यवाद व्यक्त करूंगा और अपनी पार्टी के सभी नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उन्हें कभी भी निराश नहीं करूंगा।

अनिल विज सहित मंत्रियों को मुख्यमंत्री ने करवाया पदभार ग्रहण

वर्तमान सरकार नॉन-स्टॉप तरीके से करेगी कार्य

समाचार गेट/नरवीर यादव

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में मंत्रियों को उनके कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम अनिल विज को पदभार ग्रहण कराया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर व लड्डू खिलाकर मुबारकबाद दी। श्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज खुशी का दिन है। वर्तमान सरकार पहले के दो कार्यकाल की भांति केवल नॉन -स्टॉप ही नहीं चलेगी बल्कि मैट्रो की स्पीड से दौड़ेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती है उसे वे पूरी निष्ठा से निभाते आए हैं और आगे भी इसे निभाते रहेंगे। अनिल विज ने कहा कि लगभग 25 हजार नौकरियों का जो रिजल्ट निकला है उसको लेकर प्रदेश ही नहीं देश में चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि उनके गांव के युवा बिना पर्ची -खर्ची के नौकरी लगे हैं।

उन्होंने मेरिट के आधार पर दी जा रही नौकरियों को देश में मेरिट-क्रांति करार दिया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हमारी सरकार ने कार्यभार संभालते ही युवाओं को रोजगार प्रदान करने का अपना वायदा पूरा किया है। इसके तहत ही सरकार ने लगभग 25 हजार युवाओं को नौकरी देकर दीवाली का तोहफा दिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार संविधान के अनुरूप कार्य कर रही है और संविधान सुरक्षित हाथों में है।

पदभार ग्रहण करने के बाद कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि संकल्प पत्र में जो वादे प्रदेश की जनता से किए थे, उन्हें पूरा करने की प्राथमिकता रहेगी। वहीं प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में पहचाने जाने वाले गुरुग्राम में जलभराव जैसी समस्या का भी जल्द हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण सरकार का ही नहीं आम जनता की भी जिम्मेवारी है।

कैबिनेट मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य जरूरतमंद, गरीब, युवाओं व किसानों के जीवन को सुगम बनाना है। युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरियां दी हैं और भविष्य में भी इसी संकल्प के साथ नौकरियां दी जाएंगी। किसानों की फसलों की एमएसपी के तहत खरीद की जा रही है, जिससे किसानों को राहत मिली है।

कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि वह प्रदेश की जनता के विश्वास पर खरे साबित होंगे। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि उनकी प्राथमिकता भाजपा के संकल्प पत्र को लागू करना है। वह केवल विकास की नीति में विश्वास रखते हैं। वह अब फरीदाबाद को विकसित शहर बनाने का काम करेंगे। साथ ही विकास के कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा करेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण करने उपरान्त कहा कि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। अब मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जनता की सेवा करने का जो अवसर उन्हें दिया है उस कसौटी पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने इस अवसर पर कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नाम पूरे विश्व में है और यही कारण है कि तीसरी बार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया है।

कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि बरवाला हलके की मुख्य समस्याओं के निदान करवाने के अलावा पार्टी के संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं को पूरा करवाना उनका प्रथम उद्देश्य रहेगा। श्री रणबीर गंगवा ने इस दौरान कहा कि तीसरी बार प्रदेश में बनी बीजेपी सरकार विकास के नये आयाम लिखने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया हैं, उस पर वो पूरी तरह खरा उतरेंगे।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण व किसान कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकतायें होंगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में लोगों ने अपने वोट के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है। मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करती हूँ। उन्होंने कहा कि तोशाम के लोगों को वे अपना परिवार मानते हैं और सभी आवश्यकताओं को पूरा करने व वहां का विकास करवाने की पूरी कोशिश करेंगे।

कैबिनेट मंत्री कुमारी आरती राव ने कहा कि मुझे हरियाणा की जनता का सेवा करने का मौका मिला है जिसे मैं बखूबी निभाऊंगी। मैं प्रदेश की जनता का धन्यवाद भी करती हूं जिन्होंने पिछले 10 वर्षों से इतनी मेहनत कर मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजेश नागर ने पदभार ग्रहण करने उपरांत मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और प्रदेश की जनता का भी आभार जताया, जिन्होंने तीसरी बार भाजपा को भारी बहुमत प्रदान किया है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हम एक टीम की तरह कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है हरियाणा नॉन स्टॉप आगे बढ़ेगा और हमारा राज्य देश के अग्रिम राज्यों में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करेगा।

सभी मंत्रियों ने पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस आशाओं व अपेक्षाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर दिया है, उनकी उम्मीदों पर हम खरे उतरेंगे। मंत्रिमंडल की पहली औपचारिक बैठक हुई है और शीघ्र ही मंत्रियों को विभाग आवंटित किये जायेंगे। इसके पश्चात विभाग के अनुसार आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने हरियाणा सरकार में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर दी बधाई

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। शुक्रवार को चंडीगढ़ में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन एडवोकेट ने हरियाणा सरकार के सभी नव नियुक्त मंत्रियों जिनमें रणबीर सिंह गंगवा, राव नरबीर सिंह, आरती सिंह राव, सांसद किरण चौधरी से मुलाकात कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और सभी मंत्रियों के प्रयासों से हरियाणा प्रदेश और तेजी से उन्नति व विकास करेगा। नायब सैनी के नेतृत्व में पिछले 56 दिनों में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए थे, अब उनके नेतृत्व में और तेजी आएगी। हरियाणा सरकार में बनाए गए मंत्रियों की नई टीम प्रदेश को मिली है। एक नई सोच के साथ प्रदेश का समान विकास होगा। हुसैन ने कहा कि मेवात क्षेत्र में नायब सैनी के मुख्यमंत्री की खबर से खुशी का माहौल है। वो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले व सरल स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। उनकी कार्यशैली से प्रदेश का आम जन प्रभावित है।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का फरीदाबाद में जोरदार स्वागत आज

स्वागत समारोह में पहुंचें ज्यादा से ज्यादा लोग : अमन गोयल

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। विधानसभा 89 के विधायक और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जोकि आज दोपहर 3:00 बजे दिल्ली बदरपुर बॉर्डर टोल प्लाजा से उनके सागर सिनेमा स्थित कार्यालय पर सम्पन्न होगा। जानकारी के लिए बता दें कि विपुल गोयल को फरीदाबाद की जनता ने अपार समर्थन और 93651 रिकॉर्ड मतों के साथ जीत दिलाकर विधानसभा में भेजा था। जनता के इस विश्वास और स्नेह को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने भी उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद देकर फरीदाबाद के गौरव को बढ़ाया है। कल शुक्रवार को अपने कार्यालय में कार्यभार संभालने के पहले दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधायक विपुल गोयल को मिठाई खिलाई और बधाई दी। इसी खुशी में कैबिनेट मंत्री के फरीदाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके भव्य स्वागत की तैयारी की

जा रही है जिसके तहत वे और उन्हें सम्मान के साथ फरीदाबाद सागर सिनेमा कार्यालय पर लाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता अमन गोयल ने कैबिनेट मंत्री के स्वागत में ज्यादा से लोगों से पहुंचने की अपील की है।

त्यौहारों को लेकर व्यापारी संगठन के प्रधानों ने एसएचओ के साथ की मीटिंग

समाचार गेट/सुमित गोयल

बल्लबगढ़। शहर में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शुक्रवार को एसएचओ महेंद्र सिंह के साथ बल्लबगढ़ शहर के व्यापारी प्रधानों ने की मीटिंग। जिसमें सभी व्यापारियों कि तरफ से व्यापारी प्रधानों ने एसएचओ को बताया कि सुबह 8:00 बजे से रात 9:00 बजे तक बाजार में भारी वाहनो बड़े ट्रक व चार पहिया वाहन के प्रवेश बंद होना चाहिए व अंबेडकर चौक से अग्रसेन चौक घंटाघर तक का रोड वन वे हो जिसमें अंबेडकर चौक से दो पहिया वाहन टेंपो रिक्शा इत्यादि जाएंगे और घंटा घर पर निकलेंगे, घंटाघर से किसी भी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया जाएगा गलियों में से निकलने वाले वाहनों को रोकने के लिए इमली के पेड के पास प्याउ पर एक जवान की ड्यूटी लगाई जाएगी जो कि वाहनों को अंदर नहीं घुसने देंगे व अंबेडकर चौक की तरफ उल्टी साइड नहीं जाने देंगे, बाजार के चारो तरफ लगे बैरियर को सुबह 8:00 बजे से रात 9:00 बजे तक बंद किये जायेगे। मीटिंग में एसएचओ महेंद्र सिंह के साथ वैश्य अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल बस अड्डा मार्केट के प्रधान प्रेम खट्टर व्यापार समिति के प्रधान बिशन बंसल रेडीमेड गारमेंट से हेमंत मित्तल व्यापारी एकता सेवा संघ के प्रधान राहुल गोयल अग्रवाल समिति के प्रधान जितेंद्र सिंगला व व्यापारी संगठन मोहना रोड के प्रधान प्रदीप गुप्ता के साथ अन्य व्यापारी योगेश गुप्ता रोशनलाल राजू गोयल व सुरेश मित्तल उपस्थित रहे व्यापारियों ने कहा कि बाजार में त्यौहारों को लेकर लोगों का खरीदारी करने आने में कोई दिक्कत ना हो उसके लिए ये सब निर्णय लिए गए हैं, जिससे कि खरीदारी करने के लिए आए हुए लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जानकारी

गोरी-गोरी त्वचा पाने के लिए उबटन

आपने अक्सर देखा होगा की कई बार अपने चेहरे को गोरा करने के लिए हम उबटन ट्राई कर सकते है लेकिन उबटन का मतलब केवल बेसन और चंदन ही नहीं है, इसलिए आइए जानते है ऐसे उबटन के बारे में जिन्हे अगर आप अगर चेहरे पर लगाती है तो ये चेहरे को गोरा और साफ बनाने में काफी ज्यादा मददगार है-

सबसे पहला नंबर आता है मलाई और बादाम के पाउडर का मलाई के अंदर बादाम के पाउडर को अच्छे तरीके से मिला कर चेहरे पर लगाने से ये चेहरे को साफ करके चेहरे को गोरा बनाने में काफी ज्यादा मदद करता है। आप चाहे तो अपने चेहरे पर मेश्ड और ग्लिसरीन मिलाकर लगा सकते है। चेहरे को रेडिएंट बनाने के लिए ये काफी ज्यादा अच्छा माना जाता है अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा ड्राई है तो उसे मोस्टर बनाने के लिए आप पक्के हुए केले को मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए, ऐसा करने से चेहरे पर नमी आती है और चेहरे का रंग भी साफ होता है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती है तो जैतून के तेल बादाम के तेल का इस्तेमाल करिए जैतून के तेल के अंदर एंटीऑक्सीडेंट तत्व की भरमार होती है।

बादाम के अंदर **विटामिन ई** तेल की भरमार होती है इसी के साथ साथ इन दोनों को मिलाकर चेहरे पर मसाज करने से संक्रमण तो दूर होता है ही लेकिन चेहरे में चमक भी आती है, अगर आपके चेहरे पर टमाटर से बना हुआ फेस पैक भी लगा सकते है। टमाटर के गूदे को अच्छे तरीके से मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए ऐसा करने से टेनिंग भी दूर होगी और चेहरा गोरा और साफ भी बनेगा आप चाहे तो नींबू और ग्लिसरीन का फेस पैक भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं, ये चेहरे के कालेपन को दूर करके चेहरे को सॉफ्ट बनाने में काफी मदद करते हैं। एक नींबू के रस के अंदर आधा चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर अपने चेहरे पर मसाज करिए और सूखने के बाद वॉश कर दीजिए, ये आपके चेहरे को साफ और रेडियंट बनाने में आपकी मदद करेगा। इन सारे फेस पैक को ट्राई करिए ताकि आपका चेहरा ग्लोइंग बन सके।

फिट चेहरे के लिए जरूर आजमाएं योग

चेहरे को खूबसूरत और शरीर को चुस्त-तंदुरुस्त बनाने के लिए आपने कई क्रीम और तरीके अपनाए होंगे। आइए आज आपको बताएं पांच ऐसे आसन जो आपके चेहरे को कुदरती खूबसूरती से दमकता हुआ बना देंगे। दरअसल चेहरा शरीर का वह अंग होता है, जिस पर ही सामने वाले व्यक्ति की पहली नजर पड़ती है और अंग्रेजी में कहावत है ही, 'फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन।' तो तैयार हो जाइए अपने स्लिम ट्रिम चेहरे की छाप छोड़ने को।

चेहरे की त्वचा बहुत कोमल होती है और उम्र, तनाव, खराब जीवनशैली के साथ-साथ मौसम का असर भी इस पर जाहिर हो जाता है। चेहरे के कुछ आसन हैं जो करने में तो आसान हैं ही यह चेहरे को नई चमक देने के लिए रामबाण उपाय की तरह हैं-

1. जीव बंध (लॉक्ड टंग पोज)

- पद्मासन में बैठ जाइए (पालथी मारकर बैठें ताकि एड़ियां विपरीत घुटने पर हों), अपने हाथों को गोद में रखिए।
- अपनी जीभ को अंदर की ओर मोड़ते हुए जीभ के आगे के भाग से तालू को छूने की कोशिश करें।
- धीरे-धीरे अपना मुंह जितना खुल सकता हो खोले
- नाक से सामान्य रूप से सांस लेते हुए गले और ठोड़ी के बीच के तनाव पर ध्यान एकाग्र करें।
- इस स्थिति में एक मिनट रहें। अगर आप असहज महसूस करते हैं तो किसी भी वक्त रुककर, आराम कर फिर इसे करने की कोशिश करें।
- लॉक्ड टंग पोज आपके चेहरे की मांसपेशियों के अलावा आपके जबड़े को तराशता है।

2. माउथवॉश तकनीक

- पद्मासन में बैठें और अपने हाथों को घुटने पर रखे
- अपने मुंह में जितनी संभव हो हवा भर लें।
- मुंह में हवा को एक तरफ करें फिर दूसरी तरफ, ठीक माउथवॉश की तरह।
- एक मिनट तक यह सिलसिला कायम रखें।
- आराम कीजिए और इसे 8 बार दोहराइए।
- माउथवॉश तकनीक से आपके गालों की हड्डियां मजबूत होती हैं।
- यह डबल चिन को समाप्त करने में मदद करती है।

3. फिश फेस

- क्या आपने कभी मछली का चेहरा ध्यान से देखा है? आपको बस उसी की नकल करना है।
- अपने गालों व होंठों के किनारों को अंदर की ओर खींचे।
- इस स्थिति में ही मुस्कुराने की कोशिश करें।
- अपने गालों और जबड़ों में खिंचाव को महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- यह आपके गालों को दिलकश आकार देकर आपके चेहरे को और स्लिम बना देगा।

4. चिन लिफ्ट

- पालथी मारकर आराम से बैठें।
- अपने सिर को जितना पीछे ले जा सकें ले जाएं।
- सीधे छत की तरह देखें।
- अपने चेहरे को कसें और होंठों को ऐसे बाहर की ओर निकालें मानो छत को चूमने की कोशिश कर रहे हों।
- इसी मुद्रा में एक मिनट तक रहें और चेहरे और गले की मांसपेशियों में तनाव महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- पूरे चेहरे के लिए यह एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।
- जबड़े, गले और गर्दन की मांसपेशियों को स्वस्थ बनाती है।
- डबल चिन को कम करने में भी मददगार होती है।

5. सिंहासन (लॉयन पोज)

- घुटनों के बल बैठ जाएं, घुटनों के बीच कुछ दूरी बनाकर रखें।
- दायां टखना, बाएं टखने के पीछे रखकर एड़ियों को कूल्हों के बीचोबीच टिका दें।
- अपनी हथेलियों को घुटनों पर रखें और कुछ दबाव डालें।
- लंबी सांस लें और अपनी जीभ को गालों की तरफ बाहर निकालें।
- अपने गले की मांसपेशियों को खींचे।
- सांस को बाहर छोड़ते हुए सिंह की दहाड़ की तरह आवाज निकालें।
- इस दौरान अपना ध्यान भौंहों के बीच रखें।
- आराम करें, पैरों की स्थिति बदलें और 8 बार दोहराएं।
- चेहरे की मांसपेशियों के लिए सबसे बेहतरीन आसन।
- गालों, गले की मांसपेशियों और आंखों के इर्द-गिर्द के हिस्से को स्वस्थ करके रंगत प्रदान करता है।
- सारे आसन हो जाने के बाद शवासन करें। बेहतर और तेजी से परिणाम पाने के लिए चेहरे के इन योगासनों को रोज करें।

सेहत

उड़द की दाल के फेस पर लगाने के भी हैं कई फायदे

स्क्रब की तरह काम करता है इसका फेस पैक

उड़द की दाल (Urad Dal) तो आपने खाई ही होगी। यह दाल स्वास्थ्य के लिए ही फायदेमंद होती है ये तो सबको पता ही होगा लेकिन यह हमारे चेहरे के लिए बड़ी लाभकारी होती है यह बात शायद आप नहीं जानते होंगे। अगर आप चेहरे (Face) पर लगाने के लिए किसी तरह का घरेलू फेस पैक ढूंढ रही हैं तो आपको अपने किचन में रखी उड़द की दाल का प्रयोग करना चाहिए।

उड़द की दाल का फेस पैक स्क्रब की तरह काम करता है जो चेहरे की डेड स्कीन को निकाल कर चेहरे पर ग्लो लाता है। यही नहीं इसे लगाने से आपके चेहरे की रंगत भी बदल जाएगी। यदि आप बिना खर्चे के घर पर ही फेस पैक बनाना चाहती हैं तो आप उड़द की दाल का यह फेस पैक जरूर ट्राई करें

रूखी त्वचा के लिए फेस पैक बनाने के लिए

दो बड़े चम्मच उड़द दाल को रातभर के लिए पानी में भिगो दें। फिर इसको सुबह पीस कर इसमें कच्चा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद इसे पानी से धो लें।

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल के पाउडर में 2 चम्मच संतरे का रस और 2 चम्मच चंदन पाउडर मिला कर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट में आप गुलाबजल या दूध भी मिक्स कर सकती हैं। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रुककर बाद में चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

टैन रिमूव करने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल को पानी में भिगो कर सुबह पीस लें। फिर उसमें 2 चम्मच दही मिला कर पैक तैयार करें। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रखें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने को संभालना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

काकुरो पहेली -3326





खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 3325 का हल

लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।



□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 3326

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सजना से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरुख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२. 'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारिक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वां' में सलमान के साथ करिश्मा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, प्रेमी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं नाली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फराह की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेन्द्र, फराह, जयप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीनों रंग दीनों' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3325

सूडोकु -3326

			4		6			
					2	7		
	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3325 का हल



2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

शब्द पहेली - 3326

बाएँ से दाएँ

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सन्देश-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

ऊपर से नीचे

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली -3325 का हल

बिना पर्ची, बिना खर्ची के मिली नौकरी, आभार जताने पहुंचा लाभार्थी परिवार

विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर हुआ सम्मान

समाचार गेट/संजय शर्मा

बल्लभगढ़। हरियाणा सरकार में बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी पाने वाले बल्लभगढ़ विष्णु कॉलोनी निवासी वरुण शर्मा हरियाणा सरकार का बल्लभगढ़ से विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा के माध्यम से बुक्का देकर मिठाई खिला कर धन्यवाद व्यक्त करते हुए वरुण और उसके परिजन। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी देने के अपने वादे पर पूरी तरह से खरी उतर रही है।

जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद तथा हरियाणा स्टेट कार्उंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी, हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन प्राचार्य डॉ सी. एस. वशिष्ठ के संरक्षण तथा दिशा निर्देशन में किया गया। गौरतलब है कि एचएससीएसआईटी के सौजन्य से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आयोजन में फरीदाबाद जिले के 5 महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा और विचारों को निबंध रूप दिया। निबंध के विषय वर्तमान जीवन में उपयोगी मुद्दों जैसे कि, स्थाई कृषि महत्वपूर्ण क्यों है?, प्राचीन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, साइबर अपराध और इसकी रोकथाम, नवीकरणीय ऊर्जा: आधुनिक दुनिया के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?, दूध उत्पादन बढ़ाने का विज्ञान आदि रहे। प्रतियोगिता का संचालन, नोडल अधिकारी डॉ अंकिता, आयोजन सचिव डॉ पारुल जैन, डॉ प्रियंका पराशर एवं श्री अमित अरोड़ा द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका अदा करते हुए डॉ तरुण अरोड़ा (रिटायर्ड असो0 प्रो0, जीव-जंतु विज्ञान, रा0 म0, फरीदाबाद), डॉ सीताराम (असि0 प्रो0, रसायन शास्त्र, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद) तथा डॉ जगजीत सिंह (असि0 प्रो0, भौतिकी विभाग, रा0 म0, तिगांव) ने विभिन्न स्तरों पर जैसे की विषय की प्रासंगिकता, सृजनात्मकता, तथ्यों की सटीकता, विचारों की स्पष्टता, वाक्य संरचना, वर्तनी की शुद्धता, सामाजिक व नैतिक संदेश तथा निबंध की प्रभावशाली प्रस्तुति पर आंकलन करते हुए यश कालरा- बी.एससी तृतीय, रा0 म0 फरीदाबाद, दिशा शर्मा- बी.एससी द्व, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ और श्रुति शर्मा - बी.सीए द्वितीय, रा0 म0 गर्ल्स, बल्लभगढ़ को क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर घोषित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बिना लाइसेंस के अवैध रूप से चलाई जा रही है मांस की दुकान

पूरी गली में पड़े रहते हैं मांस के टुकड़े, हमेशा बनी रहती है बदबू, सांस लेना भी हुआ दूभर, आमजन परेशान

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में बिना लाइसेंस लिए मांस (मीट) की अवैध दुकानें धड़ल्ले से चल रही हैं। विक्रेताओं को तय मानक पूरा कर नगर निगम से लाइसेंस लेना होता है जिसके बाद ही मीट की दुकान चलाई जा सकती है, लेकिन ओल्ड फरीदाबाद के बाबा नगर मकान नं-1078 में मीट की दुकान अवैध रूप से चलाई जा रही हैं। खलील नामक व्यक्ति यह दुकान चलाता है। ना तो यह दुकानदार किसी नियम का पालन करता है ना ही साफ सफाई का ध्यान रखता है। मीट के टुकड़े यूँ ही दुकान के बाहर फेंक दिए जाते हैं जिससे यहाँ हमेशा जानवर मंडराते रहते हैं। पूरी गली में मीट के टुकड़े पड़े रहते हैं। कच्चा मीट खुले में छोड़ दिया जाता है जिसकी बदबू के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया। अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होती है। इसकी शिकायत के बावजूद प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करता है। आस-पास के लोगों ने इसकी लिखित शिकायत फरीदाबाद नगर निगम में भी दी है लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाही नहीं हो पाई है। नगर निगम के नियमों का पालन, साफ सफाई, अनुमति पत्र तो छोड़िए दुकान पर बच्चों से काम करवाया जा रहा हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं बच्चों से कैसे एक मांस काटने वाले हथियार पर धार लगवाई जा रही हैं। इतना खतरनाक हथियार इन छोटे के बच्चों के हाथ में देना ही सबसे बड़ा अपराध है। इस हथियार से बच्चे घायल भी हो सकते है और किसी और को घायल भी कर सकते हैं। यह दुकान रिहायशी इलाके (गली) में है। नियम के अनुसार मीट की दुकान रिहायशी इलाके में नहीं चलाई जा सकती है। शहरी इलाकों में सर्किल ऑफिसर, नगर निगम और फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन से एनओसी के बाद ही दुकान चलाई जा सकती है बावजूद इसके यह दुकान बिका किसी लाइसेंस के पिछले तीन वर्षों से यूं हीं चलती आ रही है। इससे आम लोगों को परेशानी होती है। इस दुकान पर पर साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है और गली में हमेशा गंदगी और बदबू भी रहती है।

केंद्रीय खेलमंत्री से मिले किक बॉक्सिंग अध्यक्ष संतोष अग्रवाल



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल स्टेडियम के सभागार में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय खेल विधेयक 2024' पर चर्चा के लिए फरीदाबाद से 'वाको इंडिया किकबॉक्सिंग महासंघ' के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मण्डविया ने की। इस अवसर पर केंद्रीय खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खड़से, खेल सचिव श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, आईएएस., भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डा. पी. टी. उषा, ओलमपियन गगन नारंग एवं खेल मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 49 राष्ट्रीय खेल संघों के पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया था, जिसमें संतोष कुमार अग्रवाल ने वहां किकबॉक्सिंग खेल की राष्ट्रीय संस्था का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। संतोष अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री ने भारत में खेलों के विकास के लिए सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ बैठक कर भारत सरकार की नई खेल नीति के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं भारत किस प्रकार खेल विश्व में महाशक्ति बनने और सरकार द्वारा पूरा प्रयास है की वर्ष 2036 भारत में पहली बार 'ओलंपिक खेलों' का आयोजन हो सके इसके लिए प्रक्रिया जारी है। किकबॉक्सिंग खेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री से किकबॉक्सिंग खेल के विकास के लिए भी बातचीत हुई और उनको किकबॉक्सिंग खेल की गतिविधि के विषय में अवगत कराया।

गैस लीक होने से फटा सिलेंडर, एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। डबुआ थाने के अंतर्गत भांखरी गांव में गुरुवार आधी रात के बाद करीब ढाई बजे एक कमरे में गैस लीक होने से सिलेंडर फट गया। धमाका इतनी तेज था कि कमरे की छत का लिंटर गिर गया। कमरे में सो रहे बुजुर्ग दंपती व उनका पोता दब गया। इस हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। लिंटर का कुछ मलबा उछलकर पड़ोस के मकान के ऊपर छत पर सो रही महिला और उसके बेटे के ऊपर गिर गया, जिससे महिला की मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल है। सिलिंडर फटने से हुए धमाके के बाद ग्रामीण जाग गए और घटनास्थल पर आए। इसके बाद मौके पर तीन हाईड्रा मंगाई गई और लिंटर के नीचे दबे दंपती व उसके पोते के शव को बाहर निकाला गया। शुक्रवार दोपहर को चारों शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मलबे के नीचे दबने से दो भैंस की भी मौत हो गई और दो अन्य पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। मलबे की वजह से दुकान की आधी छत गिर गई थी, जिसकी वजह से अंदर रखा सामान टूट गया। भांखरी गांव में रहने वाले सुरजीत (55) गांव में ही हार्डवेयर के सामान की दुकान करते थे। बेटा धर्मबीर इनके संग दुकान संभालता था। दुकान के ऊपर एक कमरा बनाया हुआ था। इसमें वह पत्नी बबीता (53) संग रहते थे। दुकान के पीछे बने हुए मकान में बेटा धर्मबीर पत्नी चार बच्चों संग रहता है। सुरजीत के साथ कमरे में रोज उनका पोता नकुल (15) और पोती रीतिका (9) सोती थी। एक पोता भविष्य और पोती प्रीतिका अपने माता-पिता के साथ सोते थे। बीती रात को रितिका दादा-दादी के पास नहीं सोई थी। कमरे में सुरजीत, उनकी पत्नी बबीता और पोता नकुल था। इन्होंने अपने कमरे में दो सिलेंडर और चूल्हा रखा हुआ था। कई बार इस पर खाना भी बना लेते थे। रात को अचानक गैस लीक हो गई। लाइट भी चली गई थी। बताया कि जैसे ही करीब ढाई बजे लाइट आई और अचानक जोरदार धमाका हुआ। ग्रामीण दौड़े और देखा कि सुरजीत के कमरे की छत दुकान की छत पर गिरी पड़ी है। अनुमान है कि जैसे ही लाइट आई, कहीं हल्का शॉर्ट सर्किट हुआ, इस वजह से सिलेंडर तक आग लग गई और यह फट गया। यह भी हो सकता है कि सुरजीत ने पीने के लिए बीड़ी जलाई हो या फिर किसी ने लाइट आने के बाद कोई स्वीच ऑन किया हो। उधर, लाइट चली जाने के बाद सुरजीत के भतीजे भोपाल की पत्नी लक्ष्मी (32) आठ साल के बेटे पुनीत को लेकर छत पर सोने आ गई थी। इस वजह से वह और उसका बेटा मलबे की चपेट में आ गया। पुनीत के सिर का ऑपरेशन किया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को मृतक नकुल का जन्मदिन था। परिवार जन्मदिन मनाने को लेकर बेहद खुश था। हादसे को लेकर ग्रामीण गमगीन हैं। थाना प्रभारी डबुआ सुमेर सिंह का कहना है कि हादसा कैसे हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन चार लोगों की इसमें मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है।

प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी जीत होती है : अमित मान

सोलो डांस, सोलो सॉंग, डिक्लेमशन कांटेस्ट, देशभक्ति ग्रुप सोंग व ग्रुप डांस का आयोजन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद जिला शाखा - फरीदाबाद द्वारा बाल दिवस प्रतियोगितायें 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक चल रही प्रतियोगेताओं के आज चतुर्थ (चौथे) दिन चतुर्थ ग्रुप के सोलो डांस, सोलो सॉंग, डिक्लेमशन कांटेस्ट, देशभक्ति ग्रुप सॉंग व ग्रुप डांस, का आयोजन किया गया। आज इन प्रतियोगेताओं का शुभारंभ एसडीएम बडख़ल अमित मानने दीप प्रज्वलित करके किया। लेखाकार उदय चन्द ने गुलदस्ता देकर मुख्यअतिथि एसडीएम बडख़ल अमित मान का स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम बडख़ल अमित ने संदेश दिया कि बच्चों को इन प्रतियोगेताओं में भाग लेना चाहिए व विजय होकर अपने जिले का नाम रोशन करना चाहिए। केवल पोजीशन मायने नहीं रखती बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी जीत होती हैं। लेखाकार उदय चन्द ने बताया की बाल दिवस के उपलक्ष में 21 प्रतियोगिताएं जो की 46 ग्रुप में आयोजित की जा रही है जो 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही है इसमें प्रथम व द्वितीय विजेता बच्चे जोनल लेवल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज लगभग 60 स्कुलो के 350 बच्चों ने भाग लिया इस अवसर पर उदय चन्द लेखाकार ने बच्चों को बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों के लिए उनके प्रतिभा को निखारने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रही है जिसका उद्देश्य है बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारा जा सके। नोडल अधिकारी रविंदर कुमार मनचंदा प्रिंसिपल, बांके बिहारी व रविकान्त गुप्ता ने कार्यक्रम के संचालन को संभाला। निर्णायक मंडल की भूमिका विनोद कुमार, संदीप कुमार, श्रीमती अंशुल मिगलानी, सुनील नागर, देवेंद्र गॉड, प्रिंसिपल रूप किशोर, विक्रम सिंह, श्रीमती मनीषा व मनोज शास्त्री ने निभाई। डिक्लेमशन कम्पटीशन ग्रुप -4 प्रथम - गीतिका जैन, मॉडर्न स्कूल सेक्टर 17 फरीदाबाद, द्वितीय रिद्धि शाही फरीदाबाद मॉडल स्कूल सेक्टर 31 और तृतीय-यतिका अग्रवाल, एम वी एन सेक्टर 17 फरीदाबाद। परिणाम सोलो सांग ग्रुप - 4 प्रथम काशिका शर्मा, सेंट जॉन स्कूल सेक्टर 7, द्वितीय आशी जहरिया, डी ए वी, सेक्टर 14 फरीदाबाद। तृतीय - दीपांशु पढिहारी, के एल मेहता पब्लिक स्कूल, नंबर 1 फरीदाबाद। परिणाम - सोलो डांस ग्रुप -4 प्रथम दिशिता, सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8, द्वितीय प्राची, संत निरंकारी पब्लिक स्कूल सेक्टर 16 और तृतीय - खुशी, डी ए वी, पब्लिक स्कूल सेक्टर 14. फरीदाबाद। परिणाम ग्रुप डांस ग्रुप -4. प्रथम संत निरंकारी पब्लिक स्कूल सेक्टर 16, द्वितीय - गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा और तृतीय सेंट जॉन स्कूल सेक्टर 7, फरीदाबाद। परिणाम - देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग ग्रुप 4 प्रथम सेंट जॉन स्कूल सेक्टर 7 फरीदाबाद ।

गला काटकर व्यक्ति की हत्या, झाड़ियों में पड़ा मिला शव

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। जिले के थाना पल्ला इलाके में स्थित इस्माइलपुर इलाके में एक व्यक्ति का शव झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम और पहचान के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। इस मामले को लेकर थाना पाला के एसएचओ कुलदीप दहिया ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से घटना की सूचना मिली थी। किसी राहगीर ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी थी। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र 50 वर्ष के आसपास है। जिसके गले पर किसी तेज धार हथियार से वार किया हुआ था, यानी कि मृतक का गला कटा हुआ था। जिससे स्पष्ट होता है कि किसी ने हत्या कर शव को वहां पर फेंका है या फिर वहीं पर हत्या की गई है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर शव के आसपास से साक्ष्य जुटाए गए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इसके चलते उसके शव को पहचान और पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप दहिया ने लोगों से अपील की है कि किसी के परिवार का कोई सदस्य लापता हो तो वह थाना पाला में आकर संपर्क कर सकता है।

महारास का आयोजन हुआ दिव्य

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। पागल बाबा की पलटन के द्वारा 16 अक्टूबर की सुबह विशाल प्रभात फेरी भैया रामदास और गोल मटोल बिहारी दास की वाणी के माध्यम से संकीर्तन करते हुए निकली तथा शाम को मनोरम भव्य भजन संध्या का आयोजन अग्रसेन भवन चावला कॉलोनी में आयोजन हुआ। दरबार में श्री शरद बिहार सरकार के साथ स्वामी श्री हरिदास जी तथा परम भक्ता मीराबाई जी विराजमान हुई दरबार सुंदर मोगरा और गुलाब के फूलों से सजाया गया महारास में भजनों की सेवा देने के लिए श्री धाम वृंदावन से रामानंदी संत धनवंतरी दास जी और कुमारी राधिका मुस्कान (गोड़ीया) पधारे। इत्र की सेवा के साथ सुंदर पद गायन हुऐ हजारों की संख्या में भक्त जन पधारे जिनके लिए विशाल जैन, जैन कैटर्स की और से भोजन की उच्चतम व्यवस्था की गई। महाराज जी द्वारा गाए गए भजन मोर पंख वाला मिल गया जिस पर सभी भक्त भाव विभोर हो गये टीम शशि गोयल के जरिए सुंदर डॉंडिया प्रस्तुति दी गई जिसमें हेमा जैन, अर्चना तायल, चांदनी गोयल आदि। वृंदावन से पधारे गंधर्व ग्रुप (लवली सखि) ने अपने नृत्य से सबका मोह लिया। कार्यक्रम में सभी मुख्य सेवक सम्मिलित हुए इसमें दीपक तायल, प्रेम शर्मा, राजन जैन आशुतोष आनंद आर्यन गोयल आदि उपस्थित रहे।

संपादकीय

जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वहीं उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी संथति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।

केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बढ़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी हैं। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

यूएई, आबूधाबी के मोहम्मद रियान ने उड़ीसा के कमल साहु पर जमाया जीत का पंच

एसडी स्कूल ककराला में सीबीएसई नैशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन सभी रिंग में रहा बॉक्सरों का मुकाबला

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। ककराला के एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जारी सीबीएसई नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी रिंग में बॉक्सरों का मुकाबला रहा। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि 60 किलोग्राम भार वर्ग में यूएई के मोहम्मद रियान ने फॉर ईस्ट जोन के कमल साहू को हराया। रिंग एक में लड़कों की प्रतियोगिता में 91 किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र के शौर्य ने राजस्थान के तनम्य को पराजित किया। तमिलनाडु साऊथ जोन के जयराज का पंच महाराष्ट्र के मंथन पर भारी पड़ा। नोर्थ जोन के कृष ने उार प्रदेश के कार्तिक यादव को हराया। साऊथ जोन के वीकेएन कटराघ ने सुमित जोशी को हराया। 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में उाराखण्ड के शिवांश गोस्वमी का पंच अमृत राज पर भारी पड़ा। केरला का नीलजोस्फ व राजस्थान का प्रियर्वधन रहा विजयी। छतीसगढ़ का वशुप्रसाद का क पंच भारी पडा। 40-42 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार के पियुष शर्मा का पंच अदित्य सिन्हा पर भारी रहा।

मोहित कुमार भारती ने तनिष्क अग्रवाल को हराया। ओमकिशोर सिंघे ने आर्य सिंह को हराया इसी प्रकार रिंग नम्बर 2 में 45-48 किलोग्राम भार के 19 आयुवर्ग के बालिका वर्ग में सैन्ट्रल जोन की तनिषा ने फॉर ईस्ट जोन की अनिषा अली को हराया। हिसार की कार्तिक बिडल्न ने दिल्ली सैन्ट्रल जोन की आर्यन को हराया। हरियाणा की गुडु सिंह ने उाराखण्ड अदिति सिंह रावत को हराया। गाजियाबाद नोर्थ जोन एक की अभय मलिक ने चैनई की अद्वित नायर को हराया। 52 किलोग्राम भार वर्ग में गाजियाबाद

की पल्लवी का पंच साऊथ जोन की हरसिता पर भारी पड़ा। ईस्ट जोन की शिलपीपाल और कृष्णा ने 52 किलो भार वर्ग में विजय प्राप्त की। जगदेव सिंह यादव ने खिलाडियों से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलो का विशेष महत्त्व है। बॉक्सिंग जैसे खेल जिसमें सहनशक्ति व एकाग्रता के साथ-साथ अनुशासन का अहम रोल है।

स्वास्थ तथा सुरक्षा व्यवस्था

नैशनल चैंपियनशिप को लेकर विद्यालय प्रांगण में उपनागरिक अस्पताल कनीना के चिकित्सक स्टाफ तथा सुरक्षा के लिए कनीना सिटी थाने के पुलिस कर्मचारी लगातार नजर बनाए हुए हैं। स्वास्थ विभाग के चिकित्सक अंकित शर्मा के नेतृत्व में टीम अपना कार्य कर रही है। इसी प्रकार सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं।

व्यवस्था को देखकर गदगद दिखाई दिए बाहर से आए कोच व खिलाडी

चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए देश-विदेश के कोच व खिलाडी विद्यालय में ठहरने तथा खाने-पीने की व्यवसथा देखकर गदगद दिखाई दिए। तमिलनाडु टीम के बॉक्सिंग प्रशिक्षक मुनियप्प ने किहा कि विद्यालय प्रबन्धन द्वारा की गई व्यवस्था निसंदेह उत्तम है। उार प्रदेश टीम के प्रशिक्षक उपेन्द्रपाल बॉक्सर व टीम की प्रशिक्षिका ने खेल व्यस्था की सराहना की। सोनिपत से आए खिलाडियों ने खान-पान व रहन-सहन की व्यवस्था पर संतुष्टी जाहिर की। प्रवीन कोच मेरठ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में उच्च स्तर की व्यवस्था ने उनका मन मोह लिया है। विद्यालय पहुचने पर यूनिवर्सिटी कैंपस जैसा आभाष हुआ है। रामचन्द्रन कोच बैंगलोर ने एसडी विद्यालय द्वारा की गयी व्यवस्था को श्रेष्ठ बताया साथ ही खिलाडीयों के प्रदर्शन को सराहनीय बताया। घनेशर बोसमोहत्रारी असम ने बॉक्सिंग रिंग को बेहतर बताया। स्कूल का वातावरण व अनुशासन बेहद अच्छा रहा।

लोहारू को विकास के मामले में किसी से कम नहीं रहने दिया जाएगा : जेपी दलाल

समाचार गेट/सोनिका सूरा

लोहारू/बहल/सिवानी मंडी। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अन्तोदय की भावना कार्य करके हर वर्ग के हित में अनेक योजनाओं को पारदर्शिता से लागू करके और बिना खर्ची व पर्ची से योग्यता के आधार पर हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। इसी बदौलत तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनी है।

इससे प्रदेश में और अधिक गति से विकास कार्य होंगे।उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली तक हाईवे का निर्माण, किसान के खेतों में खजूर की खेती करवाना और लोहारू व सिवानी में उद्योग स्थापित कर युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध आदि परियोजनाओं को पूरा करवाने के लिए उनका प्रयास जारी रहेगा।

पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने बड़ी मेहनत व लगन से भाजपा की नीतियों का प्रचार करने का काम किया। तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है जो अपने आप में रिकॉर्ड है।

भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने नीति बनाकर हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया। किसान व गरीब की आय बढ़ाने के लिए पारदर्शिता से अनेक योजनाओं को लागू किया। सरकार ने अपने वादे के अनुसार तीसरी बार शपथ लेने से पहले 24 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी देकर रिकॉर्ड कायम किया है और सरकार युवाओं की हितैषी होने का प्रमाण दिया है। गुजरात मॉडल की तरज पर भाजपा और कई वर्षों तक जीत दर्ज करेगी। जिसके चलते प्रदेश की जनता ने उनको आईना दिखाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हर एक कार्यकर्ता ने पूरी ताकत के साथ काम किया है। सभी को साथ लेकर काम करेंगे व किसी भी कार्यकर्ता की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। किसी भी गांव, कस्बे में ग्रांट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर अनेक पार्टी पदाधिकारी व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में एक घायल

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर गुढा बस स्टैंड के समीप दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक बाईक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया है। दूसरा बाईक सवार घटना के बाद फरार होने में कामयाब हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 नम्बर गाडी मौके पर पंहुची। पुलिस कर्मचारियों ने बाईक को कब्जे में लेकर छानबीन की। घायल व्यक्ति गुढा निवासी बताया गया है जिसे कनीना अस्पताल से हायर सैंटर रैफर किया गया है।

कनीना मंडी में शुक्रवार को 285 किसानों से खरीदा गया 7037 क्विंटल बाजरा

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। शुक्रवार को कनीना मंडी में शुक्रवार को 285 किसानों से 7037 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। खरीद एजेंसी हैफेड के खरीद अधिकारी रिशी शर्मा व मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि 2625 रूप्ये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडी में अब तक 208898 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। 96 हजार क्विंटल का उठान किया गया है। किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास लेकर किसान सुबह से ही बाजरे के वाहन लेकर मंडी में पंहुच रहे हैं। रेवाडी-बीकानेर रेलवे लाईन पर आरओबी का निर्माण कार्य किये जाने के चलते किसान कनीना-अटेली मार्ग की बजाय ग्रामीण लिंक मार्गों से मंडी जा रहे हैं। खरीदे गए बाजरे का उठान कर पलवल व बींद भेजा जा जा रहा है। क्षेत्र के किसान खेत खाली कर रबि फसल की बिजाई करने में जुट गए हैं। इस मौके पर भरपूर सिंह, राधेश्याम शर्मा, अशोक कुमार, मनीष गुप्ता, संदीप, बंटी, आदेश कुमार, सतीश कुमार, नरेश कुमार, टिंकू, धर्मदत उपस्थित थे।

पेशी से गैरहाजिर रहने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के भगौडा होने का केस दर्ज किया

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। पेशी से गैरहाजिर रहने पर एसडीजेएम कोर्ट ने एक आरोपी को भगौडा घोषित किया है। बता दें कि तुलाराम बनाम. निहाल सिंह का वाद कोर्ट में विचाराधीन है। जिसमें अभियुक्त निहाल सिंह कोर्ट में पेश होने में अनुपस्थित रहा है। जिसकी उद्घोषणा 16 अप्रैल 2024 को प्रभावी हो चुकी थी तथा 30 दिन की वैधानिक अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी थी। लेकिन आरोपी निहाल सिंह की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने आरोपी निहाल सिंह को उद्घोषित व्यक्ति घोषित किया। अदालत की सूचना के तहत आरोपी निहाल सिंह के विरूद्ध कनीना सिटी थाना पुलिस ने 174-ए आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। जिसकी सूचना एसपी नारनौल को भी भेजी गई है। शिकायतकर्ता द्वारा आरोपियों की संपत्तियों की सूची दाखिल करने के लिए सुनवाई 20 जनवरी .2025 तक स्थगित कर दी गई है।

एसडीएम ने लिया बाजरा खरीद का जायजा

समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी। एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को सिवानी अनाज मंडी में चल रही बाजरे की सरकारी खरीद का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने गेट पास सहित मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बेचने में किसानों को कोई परेशानी न आए। इस दौरान एसडीएम ने फसल बेचने आए किसानों व आढ़तियों से भी बात की। बाजरे की खरीद कार्य का जायजा लेने एसडीम विरेन्द्र सिंह अचानक अनाज मंडी पंहुचे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में उठान कार्य में और अधिक तेजी लाएं ताकि बाजरे की खरीद सुचारू रूप से हो सके। एसडीएम ने मंडी में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार फसल की खरीद करें। एसडीएम ने मंडी में बाजरे की आवक, गेट पास, नमी मापक यंत्र, तिरपाल व खरीद एजेंसी से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने एच रजिस्टर को चैक किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों व मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने बताया कि मंडी में किसानों की किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने मंडी में मौजूद सुविधाओं का जायजा लेते हुए बाजरे की कई ढेरियों पर जाकर गुणवत्ता का आंकलन किया। अनाज मंडी में अभी तक 11512 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव शिवकुमार, मंडी सुपरवाइजर कुलदीप श्योराण, खरीद एजेंसी हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के मैनेजर नवीन कुमार, एग्री-बिजनेस मैनेजर संजीव फौगाट के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मेवात में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत, जांच में जुटी खाकी

सड़क हादसों में जान गवाने वालों में एक सब इंस्पेक्टर भी शामिल

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह जिले में अलग-अलग इलाकों में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की जान गई है। इनमें एक हरियाणा पुलिस का थानेदार भी शामिल है। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। चारों डेड बॉडी मांडीखेड़ा हॉसपिटल मोर्चरी में रखी हुई है, जिनको पोस्टमार्टम करा कर जल्द परिजनों को सौंप दिया जाएगा। गुरुवार देर रात सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की पहचान साजिद पुत्र युसूफ निवासी नहेदा 18 वर्ष और अकिल पुत्र ताहिर निवासी पाई उम्र 17 वर्ष के रूप में हुई है। जिनकी आमने - सामने से मोटरसाइकिल टकराने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरी सड़क दुर्घटना आज सुबह करीब 8 : 30 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस मरोड़ा पुल के पास हुई। जिसमे दो लोगों की मौत हुई है।

जानकारी के मुताबिक मेवात जिले के फिरोजपुर झिरका उपमंडल के साईमीर बास गांव के रहने वाले उमर शेद जो हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर थे, जिसकी ड्यूटी पलवल में थी। आज सुबह अपने घर से पलवल ड्यूटी के लिए निकला था और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक आई20 कार से लिफ्ट लेकर उसमें बैठ गया। कार चालक हिमांशु राजस्थान से आ रहा था जो नींद में था। उमर सेद के घर से थोड़ी दूर चलते ही दिल्ली-मुंबई

एक्सप्रेसवे पर आई20 कार डिवाइडर से टकरा गई। कार टकराने के बाद कार चालक हिमांशु और सब इंस्पेक्टर उमरशेद की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मांडी खेड़ा हॉसपिटल पहुंचाया और आगामी कार्रवाई शुरू की। बता दें की दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में हुई चार मौतों से इलाके में मातम का माहौल है । मृतकों के परिजनों ने सरकार से आर्थिक मुआवजे की मांग की है।

आरती राव को मंत्री बनाए जाने पर जताया आभार

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। अटेली मंडी से विधायक आरती राव को हरियाणा में केंद्रीय मंत्री पद से सुशोभित किये जाने से प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने आरती राव को मंत्री पद से सुशोभित किये जाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली,व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब

सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि इन्होंने जो आरती राव पर अपना विश्वास जताया है वे इस विश्वास पर पूरी उतरेंगी और प्रदेश के विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगी। जो हरियाणा के विकास में ही नहीं अपितु के देश के विकास में मिल का पत्थर साबित होंगा। और महिला सशक्तिकरण में एक गौरवमय इतिहास में नया अध्याय जोड़ेगी। प्रदेश में केंद्रीय मंत्री पद से सुशोभित आरती राव गुड़गांव के सांसद व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह जी की होनहार बेटी है। वह भी अपने पिता की भाँति प्रदेश के विकास में अपना पूर्ण योगदान देगी ओर उन्हें अपने पिता के अनुभव का भी लाभ मिलेगा ।

एससी कैटगरी का हुआ वर्गीकरण, डीएससी कैटगरी बनाने पर बाल्मीकि समाज ने किया सरकार का धन्यवाद

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। शुक्रवार को हरियाणा सरकार ने बाल्मीकि सहित अन्य समाजों के द्वारा की जा रही वर्षों पुरानी मांग को एससी कैटिगरी का वर्गीकरण करते हुए डीएससी कैटिगरी बनाई है जिसमें 36 जातियों को सम्मिलित किया गया है इस मौके पर वाल्मीकि समाज के प्रमुख मास्टर बालू सिंह, मास्टर सुभाष व कृष्ण प्रधान ने काफी लंबे समय से सरकार से गुहार लगाई थी और समय-समय पर अपनी मांग को सरकार से मनवाने के लिए प्रयास किया।

आखिरकार नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाल्मीकि सहित अन्य समाज के लोगों की मांगों को स्वीकार करते हुए एससी कैटगरी को वर्गीकृत करते हुए डीएससी कैटगरी बनाई है जिससे निश्चित तौर पर सभी 36 जातियों के लोगों को लाभ मिलेगा। वाल्मीकि समाज से प्रमुख लोग जिनमें मुख्य रूप से मास्टर बालू,

मास्टर सुभाष कृष्ण प्रधान, मास्टर अशोक कुमार, रामफल दिहाना, बेदराम सरपंच, रमेश जलालपुर, मास्टर सतबीर शामिल रहे, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी नूंह कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जाहिद हुसैन का धन्यवाद करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

ब्रिटिश सिंगर लियाम पायने की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

ब्यूनस आयर्स,एजेंसी। पॉप बैंड वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य और सिंगर लियाम पायने की

तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई. तीसरे मंजिल के कमरे की बालकनी से गिरने के बाद वो मृत पाए गए हैं. हालांकि, अभी मौत के कारणों का पता नहीं चला है और पुलिस की जांच जारी है. पुलिस की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है कि उन्हें ड्रग्स और शराब के नशे में एक शख्स के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस होटल पहुंची थी. होटल मैनेजर ने कहा कि उसने होटल के पीछे से तेज आवाज सुनी और जब पुलिस वहां पहुंची तो उन्होंने पाया कि एक आदमी अपने कमरे की बालकनी से गिरा हुआ था. आपातकालीन कर्मियों ने 31 वर्षीय ब्रिटिश गायक की मौत की पुष्टि की है. एमटीवी ने एक्स पोस्ट में कहा, आज लियाम पायने के दुखद निधन के बारे में जानकर हमें गहरा दुख हुआ है. इस कठिन समय के दौरान उनके परिवार, प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हैं. लियाम जेम्स पायने अंग्रेजी गायक थे. बैंड वन डायरेक्शन के सदस्य के रूप लियाम चर्चित हुए थे।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू बोला- कनाडा को भारत विरोधी जानकारियां दीं, ट्रूडो को भारतीय उच्चायोग का खुफिया नेटवर्क बताया, 3 साल से उनके संपर्क में हूं

वॉशिंगटन, एजेंसी। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने बुधवार को कनाडाई में कहा कि उसने कनाडा को भारत के खिलाफ जानकारियां दी हैं। उसका आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस पिछले 2 से 3 सालों से कनाडाई जस्टिन ट्रूडो के साथ संपर्क में है। उसने भारतीय उच्चायोग के खुफिया नेटवर्क के बारे में ट्रूडो को जानकारी दी है। पन्नू फिलहाल अमेरिका में रहता है और सिख फॉर जस्टिस नाम का संगठन चलाता है। उसके पास अमेरिका और कनाडा दोनों देशों की नागरिकता है। रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को जगमीत सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि हम भारतीय राजनयिकों और पर प्रतिबंध की मांग करते हैं। एक आतंकवादी संगठन है, जो कनाडा और अन्य देशों में हिंसक गतिविधियों को अंजाम देता है। ट्रूडो की पार्टी के सांसद ने उनका इस्तीफा मांगा भारत और कनाडा के विवाद के बीच ट्रूडो की लिबरल पार्टी के एक सांसद ने अगले साल कनाडा में होने वाले चुनाव से पहले ट्रूडो का पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा मांगा है। सांसद सीन केसी ने ट्रूडो के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि देश के लोग अब और सहन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब ट्रूडो के जाने का समय आ गया है, लोगों का धैर्य टूट रहा है। जून में हुए उपचुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद पिछले हफ्ते ही हार की समीक्षा को लेकर एक बैठक हुई थी। इससे पहले जून में भी एक और सांसद वेन लॉन्ग ने ट्रूडो के इस्तीफे की मांग की थी।

गाजा में दिल दहला देने वाला मंजर, सड़क पर शवों को नोच खा रहे कुत्ते,अब तक 42 हजार मौतें



फिलिस्तीन, एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़े अब एक साल से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के इजरायल पर हमले के बाद से गाजा में संघर्ष जारी है। अब युद्धग्रस्त गाजा से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में आवारा कुत्ते लावारिश शवों को खाते नजर आ रहे हैं। गाजा के आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख फारेस अफाना ने बताया है कि उन्हें और उनके सहयोगियों को उत्तरी गाजा में मारे गए फिलिस्तीनियों के शव मिले हैं जिनमें से कई पर जानवरों द्वारा शवों को खाए जाने के निशान हैं। फारेस अफाना ने सीएनएन को बताया, भूखे आवारा कुत्ते सड़क पर इन शवों को खा रहे हैं। इससे हमारे लिए शवों की पहचान करना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने उत्तरी गाजा और जबालिया क्षेत्र में हवाई और जमीनी हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इजरायली सेना का कहर जारी है। अब त्रासदी से जूझते गाजा में शवों को अंतिम संस्कार भी नसीब नहीं हो पा रहा है। वहीं इजरायल ने दावा किया है कि हमास के लड़ाके इन इलाकों में फिर से संगठित हो रहे हैं। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। इन हमलों में 1,206 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें से ज्यादातर आम लोग थे। तब से इजरायल के हमले में गाजा में 42,409 लोग मारे गए हैं वहीं 99,153 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बुधवार को गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि पिछले 24 घंटों में इजरायली सैन्य हमलों में 65 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। अफाना ने बताया कि सोमवार को इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी द्वारा संचालित एक राहत शिविर केंद्र में खाने की तलाश कर रहे भूखे लोगों पर गोलीबारी की है। उन्होंने कहा, स्थिति बदतर होती जा रही है।

यूक्रेन के लिए दूर की कौड़ी बना नाटो, क्यों नहीं मिल रही सदस्यता; कहां अटका पेच

कीव, एजेंसी। दो साल से नाटो में सदस्यता का प्रयास कर रहे यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। नाटो ने एक बार फिर से यह स्पष्ट किया कि वह यूक्रेन को अपने संगठन में शामिल करने के लिए तैयार नहीं है। यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता दूर की कौड़ी होती जा रही है। दो साल से सदस्यता लेने का प्रयास कर रहे यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। नाटो ने एक बार फिर से यह स्पष्ट किया कि वह यूक्रेन को अपने संगठन में शामिल करने के लिए फिलहाल तैयार नहीं है। नाटो के सहयोगी देशों ने जेलेंस्की से उनकी विक्ट्री प्लान के बारे में और जानकारी मांगी है, जो रूस के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बनाई गई है।

जेलेंस्की जल्द चाहते हैं नाटो की सदस्यता : जेलेंस्की की योजना इस पर केंद्रित है कि नाटो उनकी सदस्यता आवेदन पर तेजी से कार्य करे। यूक्रेन द्वारा यह आवेदन दो साल पहले रूस के आक्रमण के बाद नाटो से संरक्षण मांगने के तहत किया गया था। दरअसल नाटो की सबसे बड़ी विशेषता उसका सामूहिक सुरक्षा गारंटी है, जिसका उल्लेख संगठन के अनुच्छेद 5 में कहा गया है। यह 32 सदस्य देशों द्वारा किए गए राजनीतिक वचनबद्धता है कि यदि किसी सदस्य देश की संप्रभुता या क्षेत्र पर हमला होता है, तो सभी सदस्य उसकी सहायता करेंगे। लेकिन यह प्रावधान यूक्रेन जैसे सहयोगी देशों पर लागू नहीं होता। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, नाटो महासचिव मार्क रूटे ने जेलेंस्की के विक्ट्री प्लान पर किसी स्वागत योग्य प्रतिक्रिया नहीं दी और कहा कि वे और सहयोगी इस पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि यूक्रेन कब नाटो में शामिल हो सकता है, सिर्फ यह कहा कि यूक्रेन एक दिन सदस्य बनेगा।

नाटो का यूक्रेन को दिलासा : रूटे ने कहा, इस योजना में कई राजनीतिक और सैन्य मुद्दे हैं जिन पर हम यूक्रेन के साथ चर्चा करेंगे। हमें यह देखना होगा कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। फिलहाल नाटो का ध्यान यूक्रेन को और अधिक क्षेत्रीय जीत दिलाने और भविष्य की शांति वार्ताओं के लिए उसकी स्थिति को मजबूत करने पर है। उल्लेखनीय है कि यह वक्त यूक्रेन के लिए काफी कठिन है। यूक्रेनी सैनिक डोनेट्स्क क्षेत्र में बेहतर तैयार और सुसज्जित रूसी बलों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं।

यूक्रेन के लिए फिलहाल नाटो की सदस्यता नहीं चाहता अमेरिका : नाटो के सदस्यता की मांग यूक्रेन 16 सालों से कर रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। हालांकि, नाटो के बड़े सदस्य देश जैसे अमेरिका और जर्मनी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यूक्रेन को सदस्यता देने से वे परमाणु शक्ति संपन्न रूस के साथ एक व्यापक युद्ध में घसीटे जा सकते हैं। इसलिए यह देश तब तक यूक्रेन को नाटो में शामिल करने का विरोध कर रहे हैं जब तक युद्ध समाप्त नहीं होता।

बेरूत में मारे गए आईआरजीसी के वरिष्ठ कमांडर, शव बरामद: ईरान

तेहरान , एजेंसी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने वरिष्ठ कमांडर अब्बास निलफोरूशन के मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि शव बरामद कर लिया गया है। निलफोरूशन पिछले महीने इजरायली हवाई हमले में हिज्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह के साथ कथित बैठक के दौरान मारे गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आईआरजीसी ने शुक्रवार को सैपाह न्यूज पर कहा कि सर्च टीम द्वारा निरंतर प्रयासों के बाद निलफोरूशन का शव बरामद कर लिया गया है। आईआरजीसी ने शानदार जनरल की शहादत पर संवेदना व्यक्त की। साथ ही संकेत दिए कि उनके पार्थिव शरीर को ईरान लाया जाएगा। हालांकि कब इसे लेकर कुछ स्पष्ट नहीं किया है। बता दें कि निलफोरूशन 27 सितम्बर को इजरायली अटैक में मारे गए थे। तब इजरायल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह में हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर बड़े पैमाने पर टार्गेट अटैक किया था। इस हमले के दौरान नसरल्लाह के साथ-साथ हिजबुल्लाह के भी कई बड़े नेता मारे गए थे। अटैक के वक्त निलफोरूशन और नसरल्लाह के बीच बैठक चल रही थी। उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर को आईआरजीसी ने इजरायल के रणनीतिक स्थानों पर करीब 180 मिसाइलें दागी थी।

कितना बदल गया बांग्लादेश! मुक्ति संग्राम और मुजीब से जुड़े दिनों पर सारी छुट्टियां रद्द

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में अगस्त महीने में तख्तापलट हो गया था। इस दौरान खूनखराब हुआ तो तत्कालीन पीएम शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था और भारत आ गई थीं। तब से वह यहीं पर निर्वासित जिंदगी जी रही हैं। उनकी सत्ता से बेदखली के बाद नोबेल विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने कमान संभाल रखी है। वह भले ही अर्थशास्त्री हैं और दुनिया भर में उनका नाम है, लेकिन वह बांग्लादेश को पाकिस्तान के एजेंडे पर आगे बढ़ाते दिख रहे हैं। यही वजह है कि अब बांग्लादेश में मुक्ति संग्राम और उसके नायक मुजीबुर रहमान से जुड़े दिनों पर होने वाली छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इस तरह बांग्लादेश की सरकार का वैचारिक झुकाव पाकिस्तान की ओर बढ़ रहा है। वही पाकिस्तान जिससे अलग होकर बांग्लादेश का गठन हुआ था। बांग्ला भाषी लोगों पर अत्याचार, भेदभाव के आरोप तत्कालीन पाकिस्तान सरकार पर लगे थे। इसी के विरोध में आंदोलन भड़का था, जिसे बांग्ला मुक्त संग्राम का नाम मिला था। अंत में 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। इसमें भारत ने भी मदद की थी। मुजीबुर रहमान को उस आंदोलन का नायक माना जाता है। यही वजह थी कि उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर बांग्लादेश में छुट्टी होती रही है। अब बांग्लादेश सरकार ने इन छुट्टियों को रद्द कर दिया है। कुल 8 राष्ट्रीय अवकाशों को मोहम्मद यूनुस सरकार ने रद्द कर दिया है। इनमें 7 मार्च और 15 अगस्त शामिल हैं, जिन्हें मुक्त संग्राम से जोड़ा जाता है। इन छुट्टियों को रद्द करने का फैसला हाल ही में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया था। इस संबंध में जल्दी ही नोटिफिकेशन भी जारी किया जाएगा।

भारत के खिलाफ ठोस सबूत नहीं; भारत बोला- रिश्ते खराब करने के लिए कनाडाई पीएम ही जिम्मेदार

ओटावा, एजेंसी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने माना है कि पिछले साल जब उन्होंने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स के शामिल होने का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी। कोई ठोस सबूत नहीं था। रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। ट्रूडो सरकार पहले दावा करती रही है कि उसने निज्जर हत्याकांड से जुड़े सबूत भारत को दिए थे। वहीं, भारत कहता रहा है कि कनाडा ने इस हत्या से जुड़ा कोई सबूत नहीं दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रुडो के बयान के बाद गुरुवार (17 अक्टूबर) को कहा कि दोनों देशों के संबंध खराब होने के पीछे कनाडा के पीएम ही जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा की राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर एक जांच समिति बनाई गई थी। ट्रूडो बुधवार को इसमें पेश हुए। इसमें उन्होंने कहा- मुझे फाइव आइज देशों से खुफिया जानकारी मिली थी, जिससे साफ हो गया था कि भारत, कनाडा की धरती पर उसके नागरिक की हत्या में शामिल है।

मेरा मकसद सिर्फ भारत सरकार से बातचीत करना था। जब मैंने ऐसा किया तो उन्होंने हमसे सबूत मांगे। तब हमने बताया कि हमारे पास खुफिया जानकारी है, फिलहाल कोई ठोस सबूत नहीं हैं। इसलिए हमें मिलकर काम करने की जरूरत है।

अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों पर हमला किया

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी एयर फोर्स ने बुधवार रात यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। अलजजीरा ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के हवाले से बताया कि B-2 स्पिरिट बॉम्बर से यमन की राजधानी सना के नजदीक 5 ठिकानों पर पर सटीक हमला किया गया।

ऑस्टिन ने कहा कि जमीन के भीतर हूती विद्रोहियों ने घातक हथियार छुपा रखे थे। इसका इस्तेमाल वे दूसरे देशों पर हमला करने और लाल सागर और अदन की खाड़ी में जहाजों को निशाना बनाने के लिए करते थे। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ये हमले राष्ट्रपति बाइडेन के निर्देश पर किए गए। उन्होंने कहा कि हमारे जवाब से साफ है कि दुश्मन अपने हथियारों को जमीन के कितने ही भीतर छुपाकर रख ले, हम उसे ढूंढ़कर बर्बाद कर देंगे। हूती विद्रोहियों ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि इसमें कितना नुकसान हुआ है इस बारे में उन्होंने जानकारी नहीं दी। ये पहली बार है जब अमेरिका ने यमन में बी-2 स्पिरिट बॉम्बर का इस्तेमाल किया है। इसके पहले अमेरिकी सेना यमन में फाइटर जेट का इस्तेमाल करती रही है। अमेरिका ने एक महीने पहले ही में बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर की तैनाती हिंद महासागर में मौजूद सीक्रेट मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर की थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बी-22 स्टील्थ बॉम्बर को अमेरिका का सबसे घातक हथियार माना जाता है। कोल्ड वॉर के दौरान अमेरिका और रूस खतरनाक हथियारों की रेस में लगे थे। तब अमेरिका में इसे तैयार किया गया था। साल 1987 से 2000 तक बी-2 स्टील्थ बॉम्बर का निर्माण हुआ। अमेरिका ने 132 यूनिट बी-22 स्टील्थ बॉम्बर बनाने का टार्गेट रखा था

मगर 21 का ही निर्माण किया जा सका। दो बी-22 विमान 2008 और 2022 में हादसे का शिकार हो गए थे। अमेरिका के पास अब सिर्फ 19 बी-22 स्टील्थ बॉम्बर बचे हैं। बी-22 विमान फाइटर जेट की तुलना में ज्यादा बमों को ले जाने में सक्षम है। यह परमाणु हथियार भी ले जा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक बजट ज्यादा होने की वजह से अब बी-22 विमान नहीं बनाया जाता है। अमेरिका ने आज तक किसी भी देश को यह विमान नहीं बेचा है। अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकाने पर हमला क्यों किया इजराइल 7 अक्टूबर से ही गाजा पर हमला कर रहा है। इसके जवाब में हूती विद्रोही समंदर में इजराइल के सहयोगी देशों के जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अमेरिका बोला-भारत पन्नू मामले की जांच में सहयोग कर रहा, कनाडा ने जिस पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर हो रही जांच में भारत की तरफ से सहयोग किया जा रहा है, उससे वे संतुष्ट हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि भारतीय अधिकारी हमें अपनी जांच का अपडेट दे रहे हैं और हम अपनी जांच का अपडेट उन्हें दे रहे हैं। पन्नू मामले में जांच को लेकर भारतीय टीम वॉशिंगटन में है।

मिलर ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में ये भी बताया कि जिस शख्स पर अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, अब वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। दरअसल, अमेरिका ने पहले आरोप लगाया था कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में आरोपी निखिल गुप्ता, भारत सरकार के एक कर्मचारी का सहयोगी है। इन्होंने मिलकर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की साजिश रचने में मदद की थी।

14 अक्टूबर को अमेरिका ने कहा था कि भारत ने पन्नू की हत्या की कोशिश करने के आरोपी खुफिया अधिकारी को गिरफ्तार किया है। वॉशिंगटन पोस्ट में इस अधिकारी

का नाम विक्रम यादव बताया गया था। भारत सरकार ने 1 जुलाई 2020 को पन्नू को UAPA के तहत आतंकी घोषित किया था। पन्नू के पास कनाडा और अमेरिका की नागरिकता है। भारत सरकार ने 1 जुलाई 2020 को पन्नू को UAPA के तहत आतंकी घोषित किया था। पन्नू के पास कनाडा और अमेरिका की नागरिकता है। पन्नू की हत्या की साजिश का मामला पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। **पन्नू को मारने के लिए दिए गए थे 83 लाख रुपए :** अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, पन्नू को मारने साजिश पिछले साल सितंबर में नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के वक्त की गई थी। चार्जशीट के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश करने को कहा था। निखिल ने एक व्यक्ति के साथ काम के बदले 83 लाख रुपए देने की डील की थी। यादव ने पन्नू के बारे में भारतीय एजेंट निखिल गुप्ता को जानकारी भेजी, जिसमें उसके न्यूयॉर्क में होने के बारे में पता चला था। इसके बाद निखिल गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए एक एजेंट से संपर्क किया। हालांकि, साजिश कामयाब होने से पहले ही निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था।

हिजबुल्लाह की इस ताकत ने उड़ा दिए हैं इजरायल के होश

जेरूसलम, एजेंसी। इजरायल एक तरफ गाजा पर ताबड़तोड़ हमले किए पड़ा है और दूसरी तरह लेबनान में हिजबुल्लाह पर लगातार हमले किए जा रहा है. हिजबुल्लाह पर हमले होते हुए करीब एक महीना होने जा रहा है. ऐसे में हिजबुल्लाह भी न तो झुकता दिख रहा है और न ही इजरायल की ओर से कोई नरमी बरती जा रही है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जरूर इजरायल को शांत करने की कोशिशें आरंभ हो गई हैं. वहीं, इजरायल की ओर से अभी तक गाजा या कहें हमास को लेकर कोई ढिलाई करने के मूड में नहीं है. लेकिन, दूसरी तरफ लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों को लेकर कुछ शर्तों के साथ हमले रोकने की बात को तैयार है. आखिर ऐसा क्यों है. इसके पीछे जो वजह निकलकर सामने आ रही है वह जानकर अमेरिका से लेकर कई दमदार देश हैरान हैं. इजरायली नौसेना की चिंता येरुसेलम पोस्ट में छपी खबर के मुताबिक इज़रायली नौसेना के अधिकारियों का कहना है कि हिज्बुल्लाह के पास अभी भी एक कार्यरत नौसैनिक शाखा है जिसके पास जहाज-रोधी मिसाइलें और संभावित नौसैनिक बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं. यह डर इजरायल की नौसेना को सता रहा है. हिजबुल्लाह के पास नौसेना की ताकत बता दें कि आईडीएफ ने पिछले दशक में हिज्बुल्लाह की नौसैनिक क्षमताओं पर बारीकी से नज़र रखी है. इसका अधिकांश ध्यान रूस निर्मित

सुपरसोनिक याखोंट मिसाइल पर था. एक आकलन के मुताबिक, मिसाइल रूस से सीरिया को बेची गई थी और फिर हिजबुल्लाह को हस्तांतरित कर दी गई थी. ईरान की मदद से नौसेना तैयार कहा जा रहा है कि हिजबुल्लाह ने ईरान के समर्थन से एक गुप्त नौसैनिक इकाई तैयार की है. इसने काफी तैयारी कर ली है लेकिन, इजरायल समय-समय पर इसे कम करता रहा है. इस बात पर इजरायल लगातार नज़र बनाए रखे था और धीमें-धीमें अपनी तैयारी भी करता आया है. हिजबुल्लाह की नौसैनिक इकाई के पास पोर्ट पर हमले की क्षमता है और इजरायल की नौसेना को इसी बात का डर सताता है. इजरायल के पास तकनीक रूप से उन्नत मिसाइलें और राडार सिस्टम हैं. इजरायल की एक और चिंता यह है कि यमन में हूती आतंकियों के पास भी कुछ मिसाइलें हो सकती हैं।

फ्रैंकफर्ट-मुंबई विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी, पाकिस्तान के एयर स्पेस में मिला इमरजेंसी सिग्नल, 4 दिन में विमान में बम की 20वीं धमकी

फिलिस्तीन, एजेंसी। विस्तारा की फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट के-028 में गुरुवार को बम होने की धमकी मिली। इसके बाद फ्लाइट की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई। यह धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गई। जब अधिकारियों ने बम की धमकी की सूचना क्रू मेंबर्स को दी, विमान पाकिस्तान के एयर स्पेस में उड़ान भर रहा था। फ्लाइट में 147 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद विमान को आइसोलेशन में ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। इससे पहले बुधवार को सात और फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थी। इसमें इंडिगो की चार, स्पाइसजेट की 2 और अकासा की एक फ्लाइट शामिल है। पिछले 4 दिन में कुल 20 विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। 15 अक्टूबर को 7 फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थी। इन फ्लाइट्स में एअर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली से शिकागो जाने वाला विमान भी शामिल था। उसे कनाडा डायवर्ट कर इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया था। जांच में इन फ्लाइट्स में बम की खबर झूठी निकली थीं। हालांकि, सभी एयरपोर्ट्स पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लगातार मिल रही धमकियों के बीच केंद्र ने बुधवार को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या को दोगुना करने का फैसला किया है। ये विमान में सादे कपड़े में रहेंगे। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी है।

धमकी भरे मैसेज भेजने वालों की पहचान- एविएशन मिनिस्ट्री : एयरलाइंस को धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले में बुधवार को एविएशन मिनिस्ट्री ने संसदीय समिति को जवाब दिया। मिनिस्ट्री ने कहा कि

आरोपियों की पहचान कर ली गई है और एक्शन लिया जा रहा है। साथ ही कहा कि और ज्यादा जानकारी इकट्ठा की जा रही है और ऐसे कई मामलों पर कदम उठाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी साइबर यूनिट्स को धमकी देने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स को ट्रैक करने का निर्देश दिया गया है। इनमें से ज्यादातर अकाउंट विदेश से चल रहे हैं। 15 अक्टूबर- एक शख्स ने धमकी भेजी थी, सभी झूठी निकलीं मंगलवार को 7 फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थी। धमकी मिलने वाली फ्लाइट्स में एअर इंडिया की दिल्ली से शिकागो जाने वाला विमान भी शामिल था। इसके बाद उसे कनाडा डायवर्ट कर दिया गया। प्लेन को कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया। यहां यात्रियों और उसमें मौजूद सामान की जांच की गई थी। दिनभर में 7 फ्लाइट्स को धमकी मिलने की वजह से सिक्योरिटी एजेंसियों ने कई एयरपोर्ट्स पर काउंटर टेररिस्ट ड्रिल किए थे। जांच में पता चला है कि सभी धमकियां एक ही शख्स की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भेजी गई थीं।

जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था 4.6 फीसदी दर से बढ़ी

हांगकांग। चीन की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो अपेक्षा से कम है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि धीमी हो रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही में अपेक्षा से कम 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो 2024 के लिए निर्धारित किए, करीब पांच प्रतिशत ' की वृद्धि के आधिकारिक लक्ष्य से कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने बयान में कहा कि जटिल तथा गंभीर बाहरी वातावरण और जटिल घरेलू आर्थिक वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था सामान्य रूप से स्थिर व निरंतर प्रगति कर रही है। वर्ष 2022 के अंत में कोविड-19 वैश्विक महामारी से जुड़ी पाबंदियां हटाए जाने के बावजूद अर्थव्यवस्था सुस्त बनी हुई है। उपभोक्ता विश्वास कम है और रियल एस्टेट बाजार अर्थव्यवस्था पर बोझ बना हुआ है। वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में चीन की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रही। तिमाही आधार पर सितंबर में समाप्त तिमाही में अर्थव्यवस्था 0.9 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पिछली तिमाही में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चीन का कारखाना उत्पादन पहली तीन तिमाहियों में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, संपत्ति निवेश में 10.1 प्रतिशत की गिरावट आई और नए मकानों की बिक्री का मूल्य 22.7 प्रतिशत घटा जो आवास क्षेत्र में कमजोर रुख को दर्शाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने बताया था कि सितंबर

में उसके निर्यात में काफी कमी आई है, जो पिछले साल की तुलना में केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ा है। अगस्त में सालाना आधार पर इसमें 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आयात भी कमजोर रहा और इसमें केवल 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अनुमान से कम है।

लिस्टिंग के बाद जोमेटो पहली बार जुटाएगी फंड

नई दिल्ली ।

फूड डिलीवरी सेक्टर की प्रमुख कंपनियों में से एक जोमैटो 30 सितंबर को समाप्त होने वाली वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा से पहले क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से धन जुटाने पर विचार कर रही है।

कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में यह जानकारी दी। हालांकि, कंपनी ने यह खुलासा नहीं किया है कि वह कितनी राशि जुटाने की योजना बना रही है। एक्सचेंज फाइलिंग में जोमैटो ने कहा कि यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक मंगलवार, 22 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट के माध्यम से धन जुटाने पर विचार किया जाएगा। धन जुटाने की यह कवायद शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। यदि इसे मंजूरी मिलती है, तो यह फूड डिलीवरी कंपनी द्वारा तीन साल पहले शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद पहली बार फंड जुटाने की प्रक्रिया होगी। इसके अतिरिक्त बोर्ड 22 अक्टूबर, 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की भी घोषणा करेगा। बीएसई पर गुरुवार को जोमैटो के शेयर 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 270.65 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए। फूड एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म जोमैटो द्वारा फंड जुटाने की यह कवायद एक ऐसे समय शुरू करने की जा रही है जब फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। जोमैटो की प्रतिद्वंद्वी स्विगी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही है। बेंगलुरु स्थित इस कंपनी ने खुलासा किया है कि वह आईपीओ के माध्यम से 45 करोड़ डॉलर तक की नई पूंजी जुटाने की योजना बना रही है।

अगर कर्जदाता काम करने को तैयार तो उन्हें पूरा पैसा लौटा दिया जाएगा: बायजू

नई दिल्ली ।

संकटग्रस्त शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कहा कि अगर कर्जदाता उनके साथ काम करने को तैयार हैं तो वह उन्हें पूरा पैसा लौटाने को तैयार हैं। मीडिया से बातचीत में रवींद्रन ने कहा कि अगर कंपनी के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया जारी रहती है तो कर्जदाताओं को कोई पैसा नहीं मिलेगा। रवींद्रन ने कहा कि अगर वे मेरे साथ काम करने को तैयार हैं, तो मैं एक भी रुपया निकालने से पहले उन्हें पैसे वापस देने को तैयार हूं। हमने 14 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, लेकिन वे पूरे 1.2 अरब डॉलर चाहते थे, जो हमने पहले ही प्रतिबद्ध कर दिए थे या निवेश कर दिए थे। अधिकांश ऋणदाता समझौता करना चाहते थे, लेकिन एक या दो लोग इससे बहुत ज़्यादा लाभ कमाना चाहते थे। वर्तमान में, बायजू दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपने 158.9 करोड़ रुपये के बकाये की वसूली के लिए एनसीएलएटी से संपर्क करने के बाद दिवाला कार्यवाही शुरू हुई। कंपनी ने संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने के बाद बीसीसीआई के साथ विवाद सुलझा लिया जिसके बाद एनसीएलएटी ने दिवाला कार्यवाही रद्द कर दी। हालांकि, अमेरिकी ऋणदाताओं ने अपने एजेंट ग्लास ट्रस्ट के माध्यम से एनसीएलएटी के आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी, जिसने बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बहाल कर दी।

रिलायंस मदरकेयर के साथ ज्वाइंट वेंचर बनाएगी

नई दिल्ली ।

देश की अग्रणी खुदरा विक्रेता कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने माता-पिता और छोटे बच्चों के लिए उत्पादों के क्षेत्र में वैश्विक विशेषज्ञ मदरकेयर पीएलसी के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स होल्डिंग यूके लिमिटेड (आरबीएल यूके) संयुक्त उद्यम बनाएगी, जो मदरकेयर ब्रांड और भारत तथा पड़ोसी बाजारों- नेपाल, श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश से संबंधित इसकी बौद्धिक संपदा परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखेगी। हाल ही में जारी संयुक्त बयान के अनुसार समझौते के तहत आरबीएल यूके संयुक्त उद्यम में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी, जबकि मदरकेयर ग्लोबल ब्रांड लिमिटेड शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखेगी। आरबीएल यूके 1.6 करोड़ पाउंड की नकद कीमत पर हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। बयान के अनुसार यह संयुक्त उद्यम निर्दिष्ट दक्षिण एशियाई क्षेत्रों में मदरकेयर ब्रांड की फ्रेंचाइजी के रूप में कार्य करेगा, जिससे दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाते हुए वृद्धि के नए अवसर खुलेंगे। रिलायंस ब्रांड्स के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि मदरकेयर वर्षों से भारत में माता-पिता के लिए एक विश्वसनीय नाम रहा है और यह संयुक्त उद्यम हमारी साझेदारी में एक रोमांचक नया अध्याय शुरू करता है। रिलायंस ब्रांड्स ने सबसे पहले 2018 में भारतीय बाजार के लिए ब्रिटेन स्थित मदरकेयर ब्रांड के अधिकार हासिल किए और वर्तमान में ई-कॉमर्स मंच पर मजबूत उपस्थिति के अलावा 25 शहरों में 87 स्टोर संचालित करती है।

वित्त मंत्री ने मैक्सिकों की कंपनियों को आमंत्रण दिया

नई दिल्ली ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको की कंपनियों से स्टार्टअप तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाशने और भारत की व्यापार अनुकूल नीतियों का लाभ उठाने का आग्रह किया। ग्वाडलजारा (मैक्सिको) के चैंबर ऑफ कॉमर्स में 'टेक लीडर्स राउंडटेबल' में अपने संबोधन में सीतारमण ने समान अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसरों तथा जिम्मेदारियों पर जोर दिया और बताया कि कैसे भारत तथा मैक्सिको एक दूसरे के साथ सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती देशों के साथ सहयोग के जरिये समृद्ध हो रहा है।

इसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है तथा प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम कम करने के लिए संयुक्त प्रयास भी संभव हो पाए हैं।वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, '' केंद्रीय वित्त मंत्री ने 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में तेजी से हो रहे बदलाव पर प्रकाश डाला। भारत तथा मैक्सिको के बीच वृद्धि एवं सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए, उन्होंने उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया। स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम मेधा (एआई), कृषि तथा टिकाऊ शहरों के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए तथा घोषित सीओई के बारे में जानकारी साझा की।उन्होंने कहा कि भारत तथा मैक्सिको स्टार्टअप के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग के जरिये इन क्षेत्रों में मिलकर काम करने की संभावनाएं तलाश सकते हैं।मंत्रालय ने कहा, '' केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतियां सिर्फ वृद्धि तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना तथा सभी के लिए अवसर उत्पन्न करना भी जरूरी है। इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है। ग्वाडलजारा स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्यालय (लैटिन अमेरिका) की यात्रा के दौरान वित्त मंत्री ने प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की।टाटा समूह के मानद चेयरमैन एवं वरिष्ठ उद्योगपति रतन टाटा का नौ अक्टूबर को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

अब डिलीवरी ब्वॉय और पार्ट टाइम कर्मचारियों को मिलेगा बीमा और पेंशन!

नई दिल्ली ।

केंद्र की मोदी सरकार सभी केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अब फूड डिलीवरी या कैब सर्विस से जुड़ी ऐप्स के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। बताया जा रहा है कि सरकार गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म आधारित नौकरियां करने वालों को बीमा और पेंशन मिलने जैसी व्यवस्था चालू करने की तैयारी कर रही है। हालांकि इसको लेकर केंद्र की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आई है। श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि इस कानून के बनने के बाद 10 करोड़ लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा। खासकर ओला, उबर, अमेजन, फ्लिपकार्ट या जोमैटो जैसी कंपनियों में पार्ट टाइम जॉब करने वाले लोगों को इससे सीधा फायदा पहुंचेगा। आपको बता दें कि देश के कई राज्यों में इस कानून को लागू करने के लिए लगातार मांग उठ रही है। पिछले साल राजस्थान सरकार ने भी अपने राज्य में गिग वर्कर्स अधिनियम 2023 कानून लागू किया था। महाराष्ट्र में भी इस तरह का कानून की बात हो रही है।

मूडीज ने बजाज फाइनेंस को पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी

नई दिल्ली । वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) को स्थिर दृष्टिकोण के साथ निवेश 'ग्रेड' का संकेत देते हुए पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी है। मूडीज के बयान का हवाला देते हुए बीएफएल ने कहा कि कंपनी की रेटिंग उसकी मजबूत तथा स्थापित फ्रेंचाइजी को भारत में सबसे बड़ी खुदरा उन्मुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता देती है, जिसके पास बड़ा ग्राहक आधार तथा वितरण नेटवर्क है। इसमें विविधतापूर्ण ऋण पुस्तिका जो इसके उच्च जोखिम-समायोजित लाभप्रदता का समर्थन करती है। इसका पुंजीकरण तथा इसकी प्रतिस्पर्धी वित्त पोषण लागत शामिल है। इसमें कहा गया है कि बीएफएल संभवतः बाजार हिस्सेदारी हासिल करना जारी रखेगी। जून 2024 तक 3500 अरब रुपये (42 अरब अमरीकी डॉलर) के प्रबंधन के तहत समेकित परिसंपत्तियों के साथ अपनी पहले से ही बड़ी फ्रेंचाइजी को और बढ़ाएगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एकः अजय बंगा

वाशिंगटन । विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। बंगा ने पत्रकारों से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की वृद्धि दर विश्व अर्थव्यवस्था के सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। मुझे लगता है कि इस तरह के माहौल में छह से सात प्रतिशत और उससे अधिक की दर से वृद्धि कर पाना आपको दिखाता है कि उन्होंने वहां तक पहुंचने के लिए कई कदम उठाए हैं।' विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अगले सप्ताह होने वाली वार्षिक बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में हुई अधिकतर वृद्धि घरेलू बाजार के दम पर मुमकिन हो पाई है जो कुछ मायनों में एक अच्छा संकेत है। भारत को जिन चीजों पर काम करने की जरूरत है और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि जीवन की गुणवत्ता, जैसे हवा तथा पानी की गुणवत्ता आदि पर काम करना जरूरी है। वहीं विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (परिचालन) एन्ना बेर्डे ने कहा कि बैंक सरकार को वृद्धि को रोजगार तथा टिकाऊ विकास में बदलने में सहायता कर रहा है। उन्होंने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

सेंसेक्स 218 , निफ्टी 104 अंक बढ़ा , बैंकिंग और वाहन शेयरों में रहा उछाल

मुम्बई ।

घरेल शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही बैंकिंग और वाहन शेयरों में तेजी के बल पर आया है। इसके साथ ही गत तीन दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। दिन भर के कारोबार के बाद अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 218.14 अंक करीब0.27 फीसदी बढ़कर 81,224.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 104.20 अंकों तकरीबन 0.42 फीसदी उछलकर 24,854.05 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपसी के शेयर सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, जेएसडब्लयू स्टील, एसबीआईहू, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, रिलायंस

और एमएंडएम के शेयर भी लाभ में रहे।

दूसरी ओर सेंसेक्स के 12 शेयर नीचे आये। इंफोसिस, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एचयूएल , टाइटन, आईटीसी, मारुति, पावर ग्रिड, बजाज फाइनैंस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नीचे आये।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 7,421.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। वहीं इससे पहले आज सुबह विदेशी निवेशकों के पैसा निकालने से बाजार की शुरुआत कमजोर हुई और सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 570.45 अंक नीचे आकर साथ 80,436.16 अंक पर आ गया था।

वहीं इसी प्रकार से निफ्टी भी 178.3 अंक टूटकर 24,571.55 अंक पर आ गया था। मगर दोपहर बाद के सत्र में हुई जबरदस्त रिकवरी से बाजार उबरकर लाभ में आ गया।

विप्रो का तिमाही मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 32.3 अरब

मुंबई । सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली विप्रो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल मुनाफा इसके पिछले वर्ष की समान तिमाही के 26.7 अरब रुपये के मुकाबले 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 32.3 अरब रुपये पर पहुंच गया। विप्रो ने हाल ही में निदेशक मंडल की बैठक के बाद स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 32.3 अरब रुपये का सकल मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 26.7 अरब रुपये से 21 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी आय 232.5 अरब रुपये से बढ़कर 232.6 अरब रुपये पर पहुंच गई।

विलय के बाद भी विस्तारा का उड़ान के दौरान मिलने वाला अनुभव समान रहेगाः एयर इंडिया

नई दिल्ली ।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि विलय के बाद विस्तारा के मार्ग तथा समय सारणी के साथ-साथ उड़ान के दौरान मिलने वाला अनुभव समान ही रहेगा। विस्तारा के विमानों से संचालित उड़ानों का कोड एआई2 होगा। दोनों पूर्ण सेवा वाहकों का विलय 12 नवंबर को पूरा होने वाला है, जिसके बाद सिंगापुर एयरलाइंस की नई इकाई में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। विस्तारा टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है। विलय के बाद, एकीकृत इकाई के फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम के जरिये विंटेज महाराजा को बरकरार रखा जाएगा। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि क्लब विस्तारा के मौजूदा सदस्यों को एयर इंडिया के फ्लाइंग रिटर्न्स कार्यक्रम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

इस विलय के साथ फ्लाइंग रिटर्न्स भी एक नए अवतार महाराजा क्लब में परिवर्तित हो जाएगा। विलय के बाद भी विस्तारा द्वारा प्रदान किया गया अनुभव ग्राहकों के लिए समान रहने की बात दोहराते हुए एयर इंडिया ने कहा कि विस्तारा की पहचान चार अंकों वाले एक विशेष एयर इंडिया कोड से होगी जिसकी शुरुआत अंक '2' से होगी। बयान में कहा गया है कि

उदाहरण के लिए 'यूके 955' 12 नवंबर के बाद एआई 2955 बन जाएगा, जिससे बुकिंग के समय ग्राहकों को उनकी पहचान करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उसने कहा कि विस्तारा विमानों द्वारा संचालित मार्ग तथा समय सारणी वही रहेगी। साथ ही एयरलाइन का उड़ान के दौरान का अनुभव भी समान रहेगा। कुछ हलकों में इस बात को लेकर चिंता है कि क्या विलय के बाद विस्तारा के यात्रियों को अब पहले जैसी ही सेवाएं मिलती रहेंगी, क्योंकि परिवर्तन के दौर से गुजर रही एयर इंडिया को हाल के दिनों में सेवा संबंधी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

आरएसआईआईएल को महाराष्ट्र में 4,700 करोड़ की परियोजनाओं का मिला ठेका

नई दिल्ली ।

रोडवेज सॉल्यूशंस इंडिया इंफा लिमिटेड (आरएसआईआईएल) को महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (एमएसआरडीसी) से पुणे रिंग रोड के साथ-साथ जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे की 4,700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का ठेका मिला है। बुनियादी ढांचा कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि पुणे रिंग रोड परियोजना का मकसद पुणे महानगरीय क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाना, बढ़ती यातायात मांगों को पूरा करना और क्षेत्रीय आर्थिक विकास में योगदान देना है। इस परियोजना से यात्रा में लगने वाले समय में काफी कमी आने और यात्रियों की सुरक्षा में सुधार होने की उम्मीद है। इसके साथ ही, कंपनी ने कहा कि जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे इन दो महत्वपूर्ण शहरों के बीच सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आरएसआईआईएल के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि हमारा ध्यान भारत के परिवहन संपर्क में योगदान देने पर है। साथ ही अपने सभी प्रयासों में स्थिरता तथा नवीनता सुनिश्चित करना है। आरएसआईआईएल महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक बुनियादी ढांचा कंपनी है।

गोवा में धान की खेती को बढ़ावा देने किसानों को रियायतें दे रही राज्य सरकार

पणजी । गोवा में किसानों के लिए धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने कई उपाय लागू किए हैं। राज्य के एक कृषि अ धिकारी ने बताया कि अब 23,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। 10,000-12,000 किसान सक्रिय रूप से इसकी खेती में लगे हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ती श्रम लागत तथा कुछ अन्य कारक राज्य के धान उत्पादकों के लिए बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि अधिक किसानों को धान की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने इस फसल के लिए सब्सिडी तथा सुनिश्चित न्यूनतम मूल्य की पेशकश करते हुए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जो सामुदायिक खेती से जुड़ी पहल के तहत प्रति हेक्टेयर 2.5 लाख रुपये का वित्तीय लाभ देता है। उन्होंने कहा कि बीज खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जबकि खरपतवार हटाने के लिए 15,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मंजूर किए गए हैं।

भारत /न्यूजीलैंड : भारत के 231 पर तीन आउट, अभी भी 125 रन पीछे

बेंगलुरू (एजेंसी)। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन रचिन रविन्द्र (157 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 134 रन) के शतक की बदौलत 402 के स्कोर के साथ पहली पारी में भारत पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। न्यूजीलैंड के पास अब 356 रन की मजबूत बढ़त है। रचिन के अलावा डेवोन कॉनवे और टिम साउथी ने क्रमशः 91 और 65 रन की शानदार पारी खेलते हुए टीम को 400 के पार पहुंचाया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 3-3 विकेट अपने नाम किए। मोहम्मद सिराज को 2 विकेट मिले जबकि अश्विन और जसप्रीत बुमराह के नाम 1-1 विकेट रहा।

भारत ने रोहित शर्मा, विराट कोहली और सरफराज खान के अर्धशतकों की बदौलत तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट गंवाकर 231 रन बनाए। इस दौरान यशस्वी जायसवाल (35), रोहित शर्मा (52) और विराट कोहली (70) के विकेट गंवाए जबकि सरफराज खान क्रीज पर टिके रहे। टीम इंडिया अभी भी 125 रन पीछे है।

इससे पहले वर्षा प्रभावित टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (5) और विलियम ओरोर्के (4) की शानदार गेंदबाजी के कारण भारत पहले टेस्ट की पहली पारी में 46 रन पर ढेर हो गया। भारत की तरफ से 5 खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए जिसमें विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे बड़े खिलाड़ी शामिल है। वहीं रोहित शर्मा ने मात्र 2 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 13 रन की पारी खेली जबकि ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी की शानदार शुरूआत की और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इससे न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत पर 134 रन की बढ़त बना ली है। इस दौरान डेवोन कॉनवे (91) शतक से चूक गए।

भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी से शुरुआत करने का फैसला किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद रोहित ने कहा कि पिच शुरु में गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है लेकिन विकेट के नेचर को देखते हुए उनकी टीम स्कोरबोर्ड पर अधिक से अधिक रन का स्कोर खड़ा करना चाहती है इसलिए उन्होंने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया है।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने कहा कि खराब मौसम के कारण उनकी टीम को तैयारी करने का पर्याप्त मौका नहीं मिल पाया लेकिन

चूंकि विकेट काफी समय तक ढका रहा है और बारिश भी हुई है तो ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि सतह से उनके तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। इससे पहले बारिश के कारण पहले दिन खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था और टॉस भी नहीं हो सका।

प्रमुख कोच हथरुसिंघे पर गिरी गाज, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस कारण पद से हटाया

ढाका (एजेंसी)। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम के प्रमुख कोच चंडिका हथरुसिंघे को दो दिन पहले हुए निलंबन के बाद पद से हटा दिया है। यह निलंबन मैदान पर मौजूद उनके व्यवहार और रोजगार शर्तों के उल्लंघन के आधार पर किया गया है।

बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने मंगलवार को कहा कि हथुरुसिंघे ने बंगलादेश के एक क्रिकेटर के साथ मारपीट की और अपने अनुबंध में उल्लेखित से अधिक छुट्टियां लीं। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कदाचार के दो मामलों पर स्पष्टीकरण मांगा था। हथुरुसिंघे ने अगले दिन प्रतिक्रिया दी जिसके बाद गुरुवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाई गई।

बीसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'सभी कारकों पर विचार करने के बाद बोर्ड ने हथुरुसिंघे के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और अस्वीकार्य माना। उनकी बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होती है।' बंगलादेश के कोच के रूप में हथुरुसिंघे का दूसरा कार्यकाल समाप्त हो गया। उनका अनुबंध जनवरी 2025 तक था। फिल सिमंस को फरवरी 2025 में होने वाली आगामी चैंपियंस ट्रॉफी तक टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया गया है।

रणजी ट्रॉफी : सुदर्शन का दोहरा शतक, तमिलनाडु ने एक विकेट पर बनाए 379 रन

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह को परिस्थितियों को सही से नहीं पढ़ पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे तमिलनाडु ने बी साई सुदर्शन के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 379 रन बना लिए।

सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, उन्होंने एन जगदीशन (101 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन तथा वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की शतकीय साझेदारियां निभाईं। दिल्ली के कप्तान हिम्मत पिच पर बहुत घास होने के कारण सही फैसला नहीं कर सके जबकि यह सपाट निकली। इससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की।

नवदीप सैनी (17 ओवर में 65 रन देकर एक विकेट) और हिमांशु चौहान (17 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने शुरूआती स्पैल में प्रभाव डाला लेकिन सुदर्शन और जगदीशन ने खराब स्पिन गेंदबाजी पर तेजी से रन बटोरे। वहीं दिल्ली के टीम प्रबंधन ने बायें हाथ के स्पिनर सुमित माथुर को अंतिम एकादश में नहीं चुना जिन्होंने पिछले सत्र में अपने पदार्पण में 9 विकेट झटके थे।

गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी अपने खिलाड़ियों का खेल देख रहे थे और सुदर्शन के स्ट्रोक्स से वह प्रभावित दिखे। सुदर्शन ने दिन के अंत में हर्ष त्यागी पर तेजी से एक रन लेकर 249 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। गुवाहाटी में एक अन्य मैच में असम ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहले दिन स्टंप तक आठ विकेट गंवाकर 249 रन बना लिए।

राजकोट में छत्तीसगढ़ ने संजीत देसाई के नाबाद 81 और अमनदीप खरे के नाबाद 51 रन की बदौलत सौराष्ट्र के खिलाफ दो विकेट पर 236 रन बनाये। अहमदाबाद में ग्रुप के एक अन्य मैच में विराट सिंह के नाबाद 103 रन, ईशान किशन के 101 रन और नाजिम सिद्दीकी के 96 रन से झारखंड ने रेलवे के खिलाफ पांच विकेट पर 325 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की।

कोच श्रीजेश की देखरेख में भारतीय जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप में जापान के खिलाफ करेगी आगाज

जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज पीआर श्रीजेश को भारत के नए जूनियर पुरुष हॉकी कोच के रूप में अपनी पहली बड़ी परीक्षा का सामना शनिवार को यहां जापान के खिलाफ करना पड़ेगा, जब अंडर-21 टीम 12वें सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। इस 36 वर्षीय पूर्व गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य जीतने के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने इसके तुरंत बाद जूनियर टीम की बागडोर संभाली जो सुल्तान जोहोर कप में चौथी बार चैम्पियन बनने के इरादे से मैदान में उतर रही है।

भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3-1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5-1 से हराया था। कप्तान आमिर अली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित है।'' उन्होंने कहा, ''पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। इस बार हमारी तैयारी अच्छी है और हम प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार है।''

भारतीय टीम 2013, 2014 और 2022 में इस खिताब को जीत चुकी है। टीम इस स्पर्धा में चार बार दूसरे स्थान पर भी रही है। जापान के बाद भारतीय टीम 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन, 22 अक्टूबर को मेजबान

मलेशिया और फिर 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। भारत ग्रुप चरण में 25 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला खेलेगा। लीग चरण में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें 26 अक्टूबर को फाइनल में भिड़ेंगी। भारतीय उपकप्तान रोहित ने कहा, ''हम सुल्तान जोहोर कप से पहले सर्वश्रेष्ठ स्थिति में पहुंचने के लिए पिछले कुछ दिनों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''इस बार टीम में कई नए खिलाड़ी हैं जो मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्साहित है। सभी खिलाड़ी अपने खेल में सुधार के साथ एक-दूसरे को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी नजरें इस प्रतियोगिता के साथ नवंबर में मस्कट में खेले जाने वाले जूनियर पुरुष एशिया कप पर भी हैं।'' पेरिस भारतीय टीम को पदक दिलाने में अहम योगदान निभाने के बाद श्रीजेश ने कहा था कि वह हमेशा से कोचिंग की महत्वाकांक्षा रखते थे और युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर भारतीय हॉकी के राहुल द्रविड़ बनना चाहते थे। सीनियर टीम के कोच के रूप में काम करने से पहले द्रविड़ ने काफी समय तक अंडर-19 खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया था।

विराट 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने अपने 9000 रन पूरे कर लिए। विराट दूसरी पारी में 70 रन बनाकर आउट हुए जबकि उन्हें 9000 रन पूरे करने के लिए केवल 53 रनों की जरूरत थी। विराट के इस मैच से पहले 8947 रन थे। वह पहली पारी में शून्य पर आउट हुए लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अर्धशतक लगा दिया। विराट 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। विराट से पहले ये उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम है। इसके साथ ही वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन गये हैं। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 बनाए हैं। इसमें 29 शतक और सात दोहरे शतक शामिल है। कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 254 है।

ऋषभ पंत के बाद यशस्वी जायसवाल भी बेंगलुरु टेस्ट में चोटिल

बेंगलुरू। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में गुरुवार को विकेटकीपिंग करते समय घुटने में चोट लगने के कारण ऋषभ पंत को मैदान से बाहर जाना पड़ा और शुक्रवार को तेज कैच लेने के दौरान यशस्वी जायसवाल के अंगूठे में चोट लगने के बाद भारत की चिंता बढ़ गई। मैच के तीसरे दिन मोहम्मद सिराज के गेंदबाजी करते समय खड़े जायसवाल को डेरिल मिशेल के बल्ले से एक किनारा लगा जो भारतीय सलामी बल्लेबाज की तरफ गया। उन्होंने तुरंत मुंह बनाया और हाथ हिलाया, फिर उन्हें चिकित्सा के लिए मैदान से बाहर ले जाया गया। जायसवाल की जगह अक्षर पटेल को मैदान में उतारा गया। हालांकि बाद में जायसवाल अपने बाएं अंगूठे पर भारी टेप लगाकर मैदान पर लौटे, जिससे भारत की चिंता कम हुई। इससे पहले शुक्रवार को खेल शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने घोषणा की कि पंत अपनी चोट के बढ़ने के किसी भी जोखिम से बचने के लिए मैदान से बाहर रहेंगे, जो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन किया गया था। ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करना जारी रखेंगे। गुरुवार को स्टंप्स के बाद रोहित ने कहा था, 'गेंद सीधे उनके घुटने पर लगी, जिस पैर की सर्जरी हुई थी। इसलिए उस पर थोड़ी सूजन है। इस समय मांसपेशियां थोड़ी नरम हैं। यह एहतियाती उपाय है।' पंत की चोट पर बीसीसीआई के अपडेट में कहा, 'मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।' इस बीच न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र के शतक और टिम साउथी (65) के तेज अर्धशतक की बदौलत 402 रन बनाए और पहली पारी में 352 रन की लीड हासिल की।

नोमान अली का कहर, पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हराया

मुल्तान (एजेंसी)। बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद नोमान अली (आठ विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट से जूझ रही इंग्लैंड को आज नोमान अली ने 144 पर ढेर कर पाकिस्तान को 152 रन से जीत दिला दी।

आज सुबह के सत्र में एन अली ने जो रूट (18) को आउट इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद 20वें ओवर में अली ने हैरी ब्रूक (16) को भी पवेलियन भेज दिया।

जेम्स स्मिथ (6), कप्तान बेन स्टोक्स (37), क्रिस वोक्स (27), जैक लीच (एक) और शोएब बशीर (शून्य) को भी एन अली ने अपना शिकार बनाया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 33.3 ओवर में 144 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 16.3 ओवर में 46 रन देकर आठ विकेट लिये। साजिद खान को दो विकेट मिले।

इससे पहले पाकिस्तान ने कामरान (118) रनों की शतकीय और सईम अयूब (77) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पहली पारी में 366 का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में इंग्लैंड के बेन डकेट (114) शतकीय पारी खेली। शेष कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और इंग्लैंड की पारी 67.2 ओवर में 291 रन पर सिमट गई। इसके बाद पाकिस्तान दूसरी पारी में 221 रन ही बना सका हालांकि उसे पहली पारी के आधार पर 75 रनों की बढ़त मिली थी और उसने इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 33.3 ओवरों में 144 पर सिमट गई। दोनों पारियों में नौ विकेट लेने वाले पाकिस्तान के गेंदबाज साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

अब टेस्ट क्रिकेटर खेलना चाहते हैं सैमसन

नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब तक भारतीय टीम के किसी भी प्रारुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। एकदिवसीय और टी20 में तो उन्हें अवसर मिल जाता है पर अब तक टेस्ट टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। इसी को देखते हुए ही अब सैमसन लंबे प्रारुप में भी जगह बनाना चाहते हैं और इसी कारण रणजी ट्रॉफी में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम टी20 में शानदार शतक से उनके हौंसले बुलंद हैं। सैमसन ने 40 गेंदों पर ही शतक लगाया था जोकि किसी भारतीय बल्लेबाज का टी20 में दूसरा सबसे तेज शतक है। सैमसन अब कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टेस्ट टीम में जगह के लिए दावेदारी करना चाहते हैं। सैमसन ने कहा कि से मेरा मानना है कि मेरे पास लाल गेंद वाले क्रिकेट में सफल होने की भी क्षमता है। इसलिए मैं केवल सफेद गेंद वाले क्रिकेट तक ही सीमित नहीं रखना चाहता। मेरी इच्छा भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की है। दलीप ट्रॉफी से पहले, नेतृत्व समूह ने मुझे बताया था कि वे रेड-बॉल क्रिकेट के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं और इसे गंभीरता से लेने और अधिक रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए कहा था।

सैमसन ने कहा कि इस बार मेरी तैयारी अच्छी थी। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के बाद राजस्थान रॉयल्स अकादमी में राहुल द्रविड़ और जुबिन भरूचा से प्रशिक्षण लिया और अपने खेल पर काम किया। सैमसन ने कहा, दलीप ट्रॉफी में शतक से मेरा मनोबल बढ़ा है। यह देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ मैंने लगाया था। हाल ही में सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने अनंतपुर में दूसरे और तीसरे राउंड में इंडिया डी के लिए खेला था। इसमें उन्होंने अपना 11वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया।

आईपीएल में पोंटिंग के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी पंजाब किंग्स

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल में इस बार मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में पंजाब किंग्स की टीम बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई रिकी पोंटिंग से 4 साल का करार किया है। पोंटिंग पिछले सत्र से दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रहे थे। पोंटिंग के रहते पंजाब किंग्स का लक्ष्य लीग में आगे बढ़ना रहेगा। पंजाब किंग्स की ओर से पिछले 2024 सत्र में जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा और सैम कुरेन ने अच्छा प्रदर्शन किया था। अब देखना होगा कि इनमें से किन खिलाड़ियों को टीम अपने पास बरकरार रखती है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश ने कहा कि अभी तक पंजाब किंग्स मैनेजमेंट से उन्हें कोई संदेश नहीं मिला है। साथ ही कहा कि अगर मुझे अवसर

मिलता है तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगा। जितेश ने टीम मालकिन प्रीति जिंटा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा सभी का ध्यान रखती हैं। गेम हारने के बाद भी वह सभी का समर्थन करती हैं। साथ ही कहा कि अगर अवसर मौका मिला तो वह पोंटिंग के साथ दोबारा काम करना चाहेंगे।

जितेश ने कहा कि जब मैं मुंबई इंडियंस के साथ था तब मैंने पोंटिंग के साथ काम किया है। मैं इस बात से अच्छी तरह जानता हूं कि वह किस तरह के है। मैंने उसके साथ अपने समय का आनंद लिया है। वह खेल पर बहुत केंद्रित रहते है। अगर मुझे पंजाब किंग्स द्वारा रिटेन किया जाता है, तो मैं वास्तव में रिकी पोंटिंग की कोचिंग के तहत खेलना चाहूंगा।

30 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उनके अनुसार, वह एक नेता की भूमिका का आनंद लेते हैं और तभी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता है। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब किंग्स मुझसे टीम का नेतृत्व करने के लिए कहती है तो मैं बहुत अच्छी तरह से तैयार हूं। मुझे लगता है कि एक लीडर के रूप में मैं काफी बेहतर तरीके से प्रदर्शन करने में सक्षम हूं।

शाकिब अल हसन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, विदाई टेस्ट में खेलने पर बना सस्पेंस

स्पोर्ट्स डेस्क। शाकिब अल हसन ने कहा है कि ढाका में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पहले टेस्ट के स्थल की यात्रा करने की संभावना नहीं रखते हैं। शाकिब को पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया था, जो इस प्रारूप में उनका अंतिम प्रदर्शन होने वाला था। शाकिब ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं आगे कहां जा रहा हूं, लेकिन यह लगभग तय है कि मैं घर नहीं जा रहा हूं।'

शाकिब ने पहले बांग्लादेश आने पर अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की थी, क्योंकि 5 अगस्त से अवामी लीग के नेताओं की गिरफ्तारी की गई है, जिस दिन उनकी सरकार ने 15 साल बाद सत्ता से इस्तीफा दे दिया था। शाकिब अपने गृहनगर मगुरा से संसद सदस्य थे। वह अशांति के दौरान कथित हत्या के लिए एफआईआर में नामित 147 लोगों में से एक थे। हालांकि मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन के अनुसार शाकिब पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें शाकिब के बारे में बीसीबी से कोई और निर्देश नहीं मिले है। बुधवार को टीम की घोषणा करते समय चयनकर्ता हन्नान सरकार ने कहा कि उन्होंने शाकिब को अधिकारियों से 'ग्रीन सिग्नल' मिलने के बाद चुना है।

अशरफ ने कहा, 'हमें बीसीबी या क्रिकेट संचालन समिति से कोई और निर्देश नहीं मिले हैं। फिलहाल यह रुका हुआ है। वह दुबई में ट्रांजिट में है।' शाकिब को बांग्लादेश में सुरक्षित मार्ग का आश्वासन दिया गया था, बुधवार शाम से छात्रों ने उनके आगमन का विरोध करना शुरू कर दिया। खुद को 'मोरपुर छात्रो जनता' के रूप में पहचानने वाले एक समूह ने बीसीबी को सूचित किया कि वे स्टेडियम में शाकिब की उपस्थिति का विरोध करेंगे। बुधवार शाम को देर से शाकिब को कथित तौर पर दुबई में इंतजार करने के लिए कहा गया, जहां वह न्यूयॉर्क से ट्रांजिट कर रहे थे। हालांकि शाकिब की फ्लाइट गुरुवार शाम को है, लेकिन उनके ढाका आने की संभावना नहीं है।

इस बीच मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव आजाद मजूमदार ने कहा कि देश लौटने का फैसला शाकिब पर निर्भर है। मजूमदार ने कहा, 'शाकिब कभी भी बांग्लादेश लौट सकते हैं। यह उनका फैसला है कि वह यहां आएंगे या नहीं।' युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने एक बयान में कहा कि उन्होंने शाकिब को 'अप्रिय परिस्थितियों से बचने' के लिए घर वापस न लौटने की सलाह दी है। आसिफ ने कहा, 'मैंने शाकिब को किसी भी अप्रिय परिस्थिति से बचने के लिए

[बांग्लादेश] न आने की सलाह दी है। यह निर्णय खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश की छवि की रक्षा करने के लिए लिया गया है।'

ऑस्ट्रेलिया में जीत को इसलिए अहम मानते हैं ऋषभ

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं। ऋषभ के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम आक्रामक क्रिकेट खेलती है, ऐसे में उसके खिलाफ उसी की धरती पर जीत दर्ज करने से बेहतर कुछ नहीं रहेगा। ऋषभ का मानना है कि जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो आपको उछाल और शॉर्ट पिच गेंदों से निपटना आना चाहिये। इसका कारण है कि वहां का माहौल अलग होता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने घर में बेहद खतरनाक रहती है। वे नहीं चाहते कि आप जीतें, जिससे। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में खेलती है। वे आपको कुछ भी आसानी से नहीं देते हैं। वे आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। इसलिये उनके खिलाफ जीतने के लिए आक्रामक मानसिकता की ही जरुरत होती। अपने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गाबा टेस्ट में अपनी पारी की याद करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं नहीं जानता कि इसके बारे में क्या कहूं पर मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं। कुछ ऐसे प्रदर्शन होते हैं जिन्हें आप जीवन भर याद रखते हैं, उनमें से एक एक गाबा टेस्ट है। शुरुआत में मुझे एहसास नहीं हुआ कि यह कितना अहम था। रोहित भाई वहां थे, और उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम्हें पता नहीं है कि तुमने क्या किया है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा कह रहा था, मैंने क्या किया है। मेरा लक्ष्य केवल मैच जीतना था। रोहित भाई ने कहा, बाद में तुम्हें समझ आएगा कि तुमने क्या किया है। अब, जब भी मैं लोगों को उस गाबा मैच के बारे में बात करते हुए सुनता हूं, तो मैं समझाता हूं कि उनका क्या मतलब था और यह कितना अहम था।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्ण शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहस्पत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

रीता सान्याल आ रही है आपको चौकाने और हंसाने के लिए

डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने हाल ही में थ्रिलर ड्रामा सीरीज, रीता सान्याल की घोषणा की है, जिसमें शानदार अदाह शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। अदाह के साथ अंकुर राठी, राहुल देव और माणिक पपनेजा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। रीता सान्याल को केलाइट प्रोडक्शन्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है और ये डिज्नी प्लस हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर मुफ्त में स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी। लुक्स से लेकर जस्टिस तक, रीता सान्याल आपको चौकाने, सोचने और हंसाने आ रही है! पेशे से वकील और दिल से जासूस, रीता सान्याल एक नई और ताज़गी भरी टवीस्ट लेकर आती हैं। केलाइट प्रोडक्शन्स के बैनर तले राजेश्वर नायर और कृष्णन अय्यर द्वारा प्रोड्यूस की गई और अभिरूप घोष द्वारा निर्देशित डिज्नी प्लस हॉटस्टार की 'रीता सान्याल' मशहूर लेखक अमित खान द्वारा रचित किरदार पर आधारित है। इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार के मोबाइल ऐप पर मुफ्त में देखा जा सकेगा, और नए एपिसोड सोमवार से शुक्रवार तक जारी होंगे! हम सभी डिटेक्टिव थ्रिलर्स के फैन रहे हैं और डिज्नी प्लस हॉटस्टार की रीता सान्याल उसी में एक मजेदार ट्विस्ट लेकर आई है जिसका इंतजार हम सभी को था! अदाह शर्मा शानदार प्रदर्शन करती हैं, जहां वो एक मेहनती वकील और तेज-तर्रार जासूस का किरदार निभाती हैं जो अपनी चतुराई और हाजिरजवाबी से मुश्किल केस सुलझाती हैं। उनकी अद्भुत क्षमता उन्हें हर स्थिति में ढलने देती है, और वो खतरनाक कानूनी मोर्चों पर भी मजबूती से डटी रहती हैं। मशहूर लेखक अमित खान, जिन्होंने रीता सान्याल का किरदार रचा है, ने कहा, रीता सान्याल एक वकील है। रीता सान्याल न केवल कोर्ट में केस हल करती है बल्कि खुद जांच भी करती है। उसके केस सुलझाने का तरीका बहुत अनोखा है और वो अपराधियों के बीच घुलने-मिलने के लिए अलग-अलग भेष धरती है। अदाह शर्मा ने 'रीता सान्याल' के किरदार को जीवंत कर दिया है। उन्होंने रीता सान्याल के हर अलग भेष को बखूबी निभाया है।

फिल्म स्त्री 2 की सफलता का जश्न मना रही श्रद्धा कपूर

अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता का बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों जश्न मना रही हैं। एक्ट्रेस अपने प्यारे पेट्स के साथ समय बिताते हुए सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। श्रद्धा ने अपने पेट स्मॉल के पसंदीदा गाने के बारे में खुलासा किया, जिसने उनके फैंस के बीच हलचल मचा दी है।

श्रद्धा के पास दो प्यारे पेट्स हैं - श्ल्योह और स्मॉल, जिनके साथ उनकी बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर अक्सर दिखती है। इस बार श्रद्धा ने बताया कि स्मॉल का फेवरेट गाना 90 के दशक की हिट फिल्म मिस्टर और मिसेज खिलाड़ी का प्रसिद्ध गाना समोसे में आलू है। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर इस गाने का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, मेरे स्मॉल का फेवरेट सॉन्ग। श्रद्धा ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उनके दोनों पेट्स गली में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, मेरी सोसाइटी बॉस लोग। अभिनेत्री ने अपने पेट्स को लेकर अक्सर प्यारी और दिलचस्प पोस्ट्स शेयर की हैं, जो उनके फैंस के बीच काफी लोकप्रिय हैं। फिल्मी मोर्चे पर श्रद्धा कपूर को हाल ही में स्त्री 2 में देखा गया, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना नजर आए। स्त्री की सफलता के बाद, स्त्री 2 से भी दर्शकों की उम्मीदें काफी थीं, और फिल्म ने इन उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरते हुए जबरदस्त कमाई की। श्रद्धा को फिल्म में उनके किरदार और अभिनय के लिए काफी सराहना मिल रही है।

श्रद्धा की पिछली फिल्मों में आशिकी 2, ओके जानू, एक विलेन, हसीना पार्कर, छिछोरे, और स्ट्रीट डांसर 3 डी जैसी हिट फिल्में शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों की सूची में मजबूती से स्थापित किया है। फिलहाल, श्रद्धा अपने करियर के सुनहरे दौर का आनंद उठा रही हैं और अपने प्यारे पेट्स के साथ मस्ती करते हुए अपने फैंस से जुड़े रहने का हर मौका तलाश रही हैं। बता दें कि श्रद्धा ने स्मॉल को 21 सितंबर को अपने परिवार में शामिल किया था और इंस्टाग्राम पर स्मॉल की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, मेरे घर आई एक नई स्त्री... मिलिए स्मॉल से। यह मेरे परिवार की नई सदस्य और मेरी दोस्त है। मुझे यह तोहफे में मिली है।

अनन्या ने आर्यन खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे इस समय अपनी वेब सीरीज़ सीटीआरएल के प्रमोशन में व्यस्त हैं। प्रमोशन के दौरान अनन्या ने बताया कि बचपन में आर्यन खान ने उन्हें और उनकी दोस्तों को एक बार धमकी दी थी।

अनन्या ने कहा, मैं अक्सर ब्लॉग बनाती थी जिसमें मैं अपने दिनभर की गतिविधियां और खाने-पीने की चीजें रिकॉर्ड करती थी, लेकिन इन्हें कभी पोस्ट नहीं करती थी। उस समय, फोटोबूथ और एप्पल जैसी नई चीजें आई थीं, और हम सुहाना, शनाया और मैं इसे रिकॉर्ड करते थे। एक बार आर्यन ने हमें धमकी दी कि अगर हम उसके लिए काम नहीं करेंगे, तो वह हमारे प्राइवेट वीडियो और ब्लॉग्स लीक कर देगा। अनन्या ने इस मजाक को बचपन की शरारत बताया और कहा कि यह सब किसी गंभीरता से नहीं किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन सेफ्टी के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है।

अनन्या ने कहा, आजकल सोशल मीडिया पर सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान देना बहुत जरूरी है, और हमें इसके बारे में सचेत रहना चाहिए। जहां अनन्या और सुहाना बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत कर चुकी हैं, वहीं उनकी दोस्त शनाया कपूर जल्द ही अपनी फिल्मों से पर्दे पर दिखाई देंगी। शनाया अपनी पहली फिल्म के लिए तैयार हैं और उनके फैंस इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। दूसरी ओर, आर्यन खान अपने दोस्त बंटी सिंह के साथ मिलकर एक लग्जरी लाइफस्टाइल ब्रांड लेटी ब्लागोर्वा लॉन्च कर चुके हैं। इस बयान के बाद, सोशल मीडिया पर लोग अनन्या और आर्यन की बचपन की इस मजाक को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, अनन्या ने इसे सिर्फ एक हल्का-फुल्का मजाक बताया, और इस घटना को लेकर किसी प्रकार की कोई नकारात्मकता नहीं जताई है। बता दें कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और एक्ट्रेस अनन्या पांडे बचपन से ही अच्छे दोस्त रहे हैं। दोनों अक्सर साथ स्पॉट होती हैं और एक-दूसरे के साथ समय बिताती हैं।

मुश्किल समय के बावजूद हिना ने शेयर की भावुक पोस्ट

अभिनेत्री हिना खान इस समय सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। एक्ट्रेस ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। इस मुश्किल समय के बावजूद हिना ने हाल ही में एक भावुक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी आंखों और पलकों की तस्वीर साझा की। तस्वीर में उनके लंबी और खूबसूरत पलकों का गिरना साफ नजर आ रहा है, जो कि कीमोथेरेपी का असर है। अब उनकी आखिरी पलक बची हुई है। हिना ने इस कठिन समय को अपनी प्रेरणा बताया और लिखा कि यही आखिरी पलक उनके संघर्ष और साहस की प्रतीक है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जानना चाहते हैं कि इस समय मेरी प्रेरणा का सोर्स क्या है? एक समय था, जब मेरी सुंदर पलकें मेरी आंखों की शोभा बढ़ाती थीं। ये जेनेटिकली बहुत लंबी और सुंदर लैशेस थीं। ये बहादुर... अकेली योद्धा मेरी आखिरी पलक ने मेरे साथ सबकुछ सहन किया है, लड़ा है। मेरी कीमो के आखिरी सेशन में ये अकेली पलक मेरी प्रेरणा है। हम इस मुश्किल समय को भी पार कर लेंगे। हिना ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक से उन्होंने नकली पलकें नहीं पहनी थीं, लेकिन अब उन्हें शूट्स के लिए इसे पहनना पड़ता है। उन्होंने इस मुश्किल वक्त में भी अपने आत्मविश्वास को कायम रखते हुए कहा, कोई नहीं, सब ठीक हो जाना है। गौरतलब है कि हिना खान कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बावजूद अपने काम से दूर नहीं हुई हैं। वह लगातार शूट्स में व्यस्त हैं और अपने पेशेवर जीवन को भी संभाल रही हैं।

मौनी रॉय अपने फैशन सेंस से खींचा सभी का ध्यान

अभिनेत्री मौनी रॉय ने लंदन फैशन वीक 2025 में जबरदस्त प्रभाव डाला है। मौनी ने इस इवेंट में 1 मिलियन डॉलर की मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू (एमआईवी) दर्ज की। इस आयोजन में वह एकमात्र भारतीय सेलिब्रिटी थीं, जिन्होंने न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपने फैशन सेंस से भी सबका ध्यान आकर्षित किया। एक पोस्ट के अनुसार, मौनी रॉय ने इस कार्यक्रम के दौरान मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू में डॉलर 1 मिलियन का आंकड़ा छूने में सफलता प्राप्त की। एमआईवी ब्रांडों को उनके पोस्ट, इंटरैक्शन और लेखों के लिए वित्तीय मूल्य का निर्धारण करने में मदद करता है, जिससे वे अपने ब्रांड और विपणन सहयोग की प्रभावशीलता का आकलन कर सकते हैं। मौनी की प्रभावशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने कार्यक्रम की पहुंच को बढ़ाया और विभिन्न ब्रांडों को सबसे आगे लाया। इस लिस्ट में मौनी रॉय के साथ-साथ प्रसिद्ध हस्तियों जैसे हू बिंग, डायमोंड हार्पर, डेवलान राइस और लेह-ऐनी पिन्नॉक का भी नाम था, लेकिन मौनी रॉय ने इस प्रतिस्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। डालर 1 मिलियन की एमआईवी के साथ, वह अब सबसे प्रभावशाली हस्तियों में गिनी जाती हैं।

इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मौनी रॉय केवल एक बॉलीवुड स्टार ही नहीं, बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं, जो हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। मौनी ने इस इवेंट में अपने बेदाग फैशन सेंस से भी सबको मंत्रमुग्ध किया और खुद को एक सच्चे फैशनिस्टा के रूप में स्थापित किया। इसके अलावा, काम के मोर्चे पर भी उन्होंने उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में उन्होंने बेंगलुरु में अपनी रेस्तरां चैन बदमाश का विस्तार किया, जो पहले से ही मुंबई में सफलता प्राप्त कर चुकी थी।

स्कैम से बचो अभियान के ब्रांड एंबेसडर बन आयुष्मान

मेटा ने अपनी नई सुरक्षा मुहिम स्कैम से बचो अभियान का एक्टर आयुष्मान खुराना को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक करेंगे।

इस अभियान को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से लॉन्च किया गया है। मेटा का यह अभियान देश में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम के मामलों से निपटने में सरकार के प्रयासों का समर्थन करता है और यूजर्स की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके रोजमर्रा के जीवन में होने वाली आम धोखाधड़ी से सतर्क करना है और उन्हें इस बारे में जागरूक करना है कि वे डिजिटल दुनिया में किस प्रकार सुरक्षित रह सकते हैं। अभियान के तहत एक शैक्षिक फिल्म बनाई गई है, जिसमें आयुष्मान खुराना एक शादी के मेहमान के रूप में नजर आते हैं। फिल्म में आयुष्मान उन लोगों को ठगी से बचाने का काम करते हैं जो धोखाधड़ी का शिकार होने वाले होते हैं। उनका हास्यपूर्ण अंदाज और शीघ्र सोच ने फिल्म को आकर्षक और जागरूकता पैदा करने वाला बना दिया है। फिल्म में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं को भी प्रमुखता से दिखाया गया है, जो यूजर्स को अपनी ऑनलाइन सुरक्षा पर नियंत्रण रखने का अवसर प्रदान करती हैं। इस अभियान में मेटा की सुरक्षा सुविधाओं पर भी जोर दिया गया है, जिनमें टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, ब्लॉक और रिपोर्ट, और व्हाट्सएप की समूह गोपनीयता सेटिंग्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य यूजर्स को ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और अकाउंट खतरे से बचाने के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण प्रदान करना है। अभियान के लॉन्च पर आयुष्मान खुराना ने कहा, आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन धोखाधड़ी और ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह जरूरी है कि हम सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में जानें। मैं मेटा की इस सुरक्षा पहल का हिस्सा बनकर खुश हूं, जिसका उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी से बचाव के बारे में जागरूक करना है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि किसी भी कार्रवाई से पहले दो बार सोचें और मेटा के सुरक्षा टूल्स का इस्तेमाल करें, जो आपकी ऑनलाइन सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं। इस अभियान में ओटीपी ठगी, व्यक्तिगत खातों और गोपनीय जानकारी को नुकसान पहुंचाने वाली ठगी, नकली निवेश और व्यापार घोटाले, फर्जी लोन ऐप्स और ऑफर जैसी धोखाधड़ी का प्रदर्शन किया गया है।

जब वी मेट में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था भूमिका को

बालीवुड अभिनेत्री भूमिका चावला ने हाल ही में अपने करियर से जुड़े कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। भूमिका ने बताया कि उन्हें इम्तियाज अली की हिट फिल्म जब वी मेट और राजकुमार हिरानी की मुन्ना भाई एमबीबीएस से रिप्लेस किया गया था। भूमिका ने दौरान कहा कि उन्हें जब वी मेट में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया था, लेकिन बाद में करीना कपूर को उनकी जगह कास्ट कर लिया गया। भूमिका ने बताया कि पहले इस फिल्म का नाम ट्रेन रखा गया था और उनके साथ बॉबी देओल को कास्ट किया गया था। बाद में, कई कास्टिंग बदलाव हुए और आखिरकार करीना और शाहिद कपूर को फिल्म में लिया गया। उन्होंने कहा, मुझे केवल एक बार बुरा लगा, जब मैंने जब वी मेट साइन की थी लेकिन काम नहीं कर पाई। इसके अलावा, भूमिका ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें संजय दत्त की फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस के लिए भी साइन किया गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह ग्रेसी सिंह को लिया गया। हालांकि, भूमिका ने इस बात को स्वीकार किया कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे बदलाव सामान्य हैं और उन्होंने इसे सहजता से लिया। भूमिका ने अपने करियर में हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा में भी काम किया है। तेरे नाम से उन्हें काफी प्रसिद्धि मिली थी। इसके बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। साल 2023 में भूमिका ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। भूमिका ने सलमान खान के साथ फिल्म तेरे नाम में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने कामयाबी हासिल की थी।